कियो बन माँहि निवास जिनन्द, धरे व्रत चारित्र आनन्दकन्द ॥११॥
गहे तह अष्टम के उपवास, गये धनदत्त तने जु अवास।
दियो पयदान महासुख सार भई पणवृष्टि तहां तिहबार ॥१२॥
गये तब कानन माँहि दयाल धर्‌यो तुम योग सबै अघं टाल।
तबै वह धूमसुकेत अजान, भयो कमठाचरको सुर आन ॥१३॥
करै नभगौन लखे तुम धीर, सुपूरब वैर विचार गहीर।
कियो उपसर्ग भयानक घोर, चली बहु तीक्ष्ण पौन झकोर ॥१४॥
रह्यो दशहूं दिशि में तम छाय, लगी बहु अग्नि लखी नहिं जाय।
सुरुंडन के बिन मुंड दिखाय- परै जल मूसलधार अथाह ॥१५॥
तवे पदभावतिकंथ धर्निद, गहे जुग आय तहं जिनचंद।
भग्यो तब रंक सुदेखत हाल लह्यो तब केवलज्ञान विशाल ॥१६॥
दियो उपदेश महाहितकार, सुभव्यनि बोधि समेद पधार।
सुवर्णभद्र सुकूट प्रसिद्ध, वरिशिवनारि लही वसु रिद्ध ॥१७॥
जजूं तुम चर्न दुहू कर जोर, प्रभु लखिये अब ही मम ओर।
कहै 'बख्तावर' 'रत्न' बनाय, जिनेश हमें भव पार लगाय ॥१८॥

घत्ता।

जय पारसदेवं, सुरकृतसेवं, बंदत चर्न सुनागपती।
करुनाके धारी, पर उपकारी, शिवसुखकारीकर्म हती ॥१९॥
ॐ ह्रींपार्श्वनाथजिनेन्द्राय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

छंद मदावलिप्त कपोल ।

जो पूज मन लाय भव्य पारसप्रभु नित ही ।
ताके दुख सब जाय भीति व्यापै नहिं कितही ।।
सुख सम्पत्ति अधिकाय पुत्रमित्रादिक सारे ।
अनुक्रमतै शिव लहै 'रत्न' इमि कहैं पुकारे ।।२०।।

(इत्याशीर्वाद)

श्री वर्द्धमान जिनपूजा

छन्द मत्तगयन्द ।

श्रीमतवीर हरैं, भवपीर भरैं, सुखसीर अनाकुलताई ।
केहरिअंक अरीकरदक, नये हरिपकतिमौति सुआई ।।
मैं तुमको इत थापत हौं प्रभु भक्ति समेत हिये हरषाई ।
हे करुणाधन धारकदेव, इहां अब तिष्ठहु शीघ्रहि आई ।।

ॐ ह्रीं श्री वर्द्धमान जिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आव्हान ।
ॐ ह्रीं श्री वर्द्धमान जिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं ।
ॐ ह्रीं श्री वर्द्धमान जिनेन्द्र ! अत्र मम भव भव वषट् सन्निधिकरणं ।

छन्द अष्टपपदी ।

क्षीरोदधिसम शुचिनीर, कंचनभृंग भरों ।
प्रभु ! वेगिहरो भवपीर, यातैं धार करों ।।
श्रीवीर महा अतिवीर, सन्मतिनायक हो ।
जय वर्द्धमान गुण धीर, सन्मतिदायक हो ।।१।।

ॐ ह्रीं श्री महावीरजिनाय जन्मजरा मृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मलयागिरि चन्दन सार, केसर संग घसा ।
प्रभु भव-आताप निवारि, पूजत हिय हुलसा ।।श्री वीर०।।

ॐ ह्रीं श्री महावीरजिनाय संसार ताप विनाशनाय चन्दनम् निर्वपामीति स्वाहा ।

तंदुलसित शशिसम शुद्ध, लीनों थार भरी ।
तसु पुंज धरों अविरुद्ध, पावों शिवनगरी ।।श्री वीर०।।

ॐ ह्रीं श्री महावीरजिनाय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा ।

सुरतरु के सुमन समेत, सुमन सुमन प्यारे ।
सो मनमथ भजन हेत, पूजो पद थारे ।।श्री वीर०।।

ॐ ह्रीं श्री महावीरजिनाय कामवाणविध्वंसनाय पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा ।

रसरज्जत सज्जत सद्य, मज्जत थार भरी ।
पद जज्जत रज्जत अद्य, भज्जत भूख अरी ।।श्री वीर०।।

ॐ ह्रीं श्री महावीरजिनाय क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यम् निर्वपासीति स्वाहा ।

तमखंडित मंडितनेह, दीपक जोवत हों ।
तुम पदतर हे सुखगेह, भ्रमतम खोवत हों ।।श्री वीर०।।

ॐ ह्रीं श्री महावीरजिनाय मोहान्धकार विनाशनाय दीपम् निर्वपामीति स्वाहा ।

हरिचन्दन अगर कपूर, चूर सुगन्ध करा
तुम पदतर खेवत भूरि, आठों कर्म जरा ।।श्री वीर०।।

ॐ ह्रीं श्री महावीरजिनाय अष्टकर्मविनायनाय धूपम् अर्घ निर्दपामीति स्वाहा ।

ऋतुफल कलवर्जित लाय, कंचन थार भरा ।
शिवफलहित हे जिनराय, तुम ढ़िग भेंट धरा ।।श्री वीर०।।

ॐ ह्रीं महावीरजिनाय मोक्षफलप्राप्तये फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जलफल वसु सजि हिमथार, तन मन मोद धरों।
गुण गाऊँ भवदधितार, पूजत पाप हरों ॥श्री वीर०॥

ॐ ह्रीं श्री महावीरजिनाय अनर्घपद प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पंच कल्याणक।

राग टप्पाचाल में।

मोंहि राखो हो सरना, श्री वर्द्धमान जिनरायजी, मोंहिराखो० ॥
गरभ साढ़सित छट्ठ लियो तिथि, त्रिशला उर अघ रहना।
सुर सुरपति तित सेव करें नित, मैं पूजों भवतरना ॥ मो० ॥१॥

ॐ ह्रीं आषाढ़ शुक्लषष्ठ्या गर्भमंगल मण्डिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जनम चैतसित तेरस के दिन, कुंडलपुर कनवरना।
सुरगिर सुरगुरु पूज रचायौ, मैं पूजों भवहरना ॥ मोंहि० ॥२॥

ॐ ह्रीं चैत्रशुक्लत्रयोदश्यां जन्ममंगलप्राप्ताय श्री महावीर जिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मगसरि असित मनोहर दसमी, ता दिन तप आचरना।
नृप कुमार घर पारन कीनों, मैं पूजों तुम चरना ॥मोंहि० ॥३॥

ॐ ह्रीं मार्गशीर्ष कृष्णदशम्यां तपोमंगलमण्डिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

शुकल दशैं बैसाख दिवस अरि, घात चतुक छय करना।
केवललहि भवि भवसर तारे, जजों चरन सुख भरना ॥मोंहि०।४।

ॐ ह्रीं वैशाख शुक्ल दशम्यां ज्ञान कल्याण प्राप्ताय श्री महावीर जिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कातिक श्याम अमावस शिवतिय, पावापुर तें परना।
गनफनिबृन्द जजे तित बहुविधि, मैं पूजों भय हरना ॥मोहि०॥५॥

ॐ ह्रीं कातिक कृष्णामावश्यां मोक्षमंगलमण्डिताय श्री महावीर जियेन्द्राय अर्घं निर्वंपामीति स्वाजा।

जयमाला।

छन्द हरिगीता २८ मात्रा।

गनधर अशनिधर चक्रधर, हरधर गदाधर वरवदा।
अरु चापधर विद्यासुधर, तिरसूलधर सेवहिं सदा॥
दुखहरन आनन्द भरन तारन तरन चरण रसाल है।
सुकुमाल गुनमनिमाल उन्नत भालको जयमाल है॥१॥

घत्तानन्द छन्द।

जय त्रिशला नंदन हरिकृत बंदन, जगदा नंदन चंदवरं।
भवतापनिकंदन, तनकनमदन, रहित सपंदन नवनधरं॥२॥

छन्द त्रोटक।

जय केवल भानुकलासदन, भविकोक विकाशन कंदवनं।
जगजीत महारिपु मोह हरं, रजज्ञान दृगांवर चूरकरं॥१॥
गर्भादिकमंगलमण्डित हो, दुख दारिद्रको रित खंडित हो।
जगमांहि तुम्हींसतपंडित हो, तुमही भवभावविहंडित हो॥२॥
हरिवंशसरोजन कौं रवि हो, बलवंत महत तुम्हीं कवि हो।
लहिकेवलधर्मप्रकाशकियौ, अबलों सोई मारग राजाति यौ॥३॥
पुनि आप तने गुन मांहि सही, सुर मग्न रहें जितने सबही।
तिनकी वनिता गुन गावत हैं, लय माननिसौं मनभावत हैं॥४॥
पुनि नाचत रग उमंग भरी, तुअ भक्तिविषैं पग वेग धरी।
झननं झननं झननं झनन, सुरलेत तहां तनन तननं॥५॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

घननं घननं घनघंट बजे। दृमदृं दृमदृं मिरदंग सजे॥
गगनांगन गर्भगतासुगता। ततता ततता अतता वितता॥६॥
धृगतां धृगतां गति बाजत हैं। सुरताल रसाल जु छाजत हैं॥
सननं सनन सननं नभ में। इक रूप अनेक जु धारि भमें॥७॥
कई नारि सुबीन बजावति हैं। तुमरो जस उज्जवल गावति हैं॥
करताल विषैं करताल धरैं। सुरताल विशाल जु नाद करैं॥८॥
इन आदि अनेक उछाह भरी। सुरभक्ति करैं प्रभुजी तुमरी॥
तुमही जगजीवन के पितु हो। तुमही बिनकारनतैं हितु हो॥९॥
तुमही सब विघ्न विनाशन हो। तुमही निज आनद भासन हो॥
तुमही चितचिंतितदायक हो जगमांहि तुम्हीं सब लायक हो।१०।
तुमरे पनमंगलमांहि सही। जिय उत्तम पुन्य लियो सबही॥
हमको तुमरी शरनागत है। तुमरे गुन में मन पागत है॥११॥
प्रभु मो हिय सदा बसिये। तबलौं वसुकर्म नहीं नसिये॥
तबलों तुम ध्यान हिये वरतौ। तबलों श्रुतचिंतन चित रतौ।१२।
तबलों व्रत चारित चाहतु हों। तबलों शुभ भाव सुगाहतु हो॥
तबलों सतसंगति नित्त रहो। तबलों मम संजम चित्त गहो॥१३॥
जबलों नहिं नाश करों अरिको। शिवनारि वरो समता धरिको॥
यह द्यो तबलों हमको जिनजी। हम जांचतु हैं इतनी सुनजी।१४।

घत्तानन्द।

श्रीवीरजिनेशा, नमित सुरेशा, नागनरेशा, भक्ति भरा।
'वृन्दावन' ध्यावैं, विघन नशावे, वांछित पावै शर्म वरा॥१५॥

ॐ ह्रीं श्री वर्धमान जिनेन्द्राय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा।

श्री सनमति के जुगलपद, जो पूजै धरि प्रीत।
'वृन्दावन' सो चतुर नर, लहै मुक्ति नवनीत॥१६॥

(इत्याशीर्वादः)

———

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पंचपरमेष्ठि जयमाला

मणुय-णाइंद-मूरधरियछत्तत्तया, पंचकल्याणसुक्खावली पत्तया ।
दंसणं णाण झाण अणंतं बलं ते जिणादितु अम्ह वरं मगलं ॥
जेहि झाणग्गिनिवांणहि अइथठ्ठयं, जम्मजरमरणणयत्तयं दट्ठयं ।
जेहि पत्तं सिवं सासयं ठाणयं, ते महा दितु सिद्धा वरं णाणयं ।
पंचहाचारपंचग्गिसंसाहया, वारसंगाइ सुपुजलहि अवगाहया ।
मोक्खलच्छी महंती महतेसया सूरिणो दितु मोक्खं गया संघया ।
घोरसंसार भीमाडवीकाणणं, तिक्ख वियरालणहपापंचाणणे ।
षठ्ठमग्गाण जीवाण पहदेसया, बंदिमो ते उवज्झाय अम्हे सया ॥
उग्गतवनरणकरणेंहि, झीणं गयां धम्मवरझाण मुक्केक्कझाणंगया ॥
णिब्भरं तवसिरीए समालिंगया, साहुओ ते महामोक्खपहमग्गया ॥
एण थोत्तेण जो पंचगुरु वंदए, गुरुयसंसारघणवेल्लि सो छिंदये ॥
लइइ सो सिद्धसुक्खाइ वरमाणं, कुणइकम्मिधणं पुञ्जपञ्जलाणं ।

आर्य्या ।

अरिहा सिद्धाइरिया, उवज्झाया साहु पंचपरमेष्ठी ।
एयाण णमुक्कारो, भवे भवे मम सुह दितु ॥

ॐ ह्रीं अर्हं त्सिद्धाचार्योपध्याय सर्वं साधुपंचपरमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

इच्छामि भंते पंचगुरुभत्ति काओसग्गो कओ,
तस्सालोचेओ अठ्ठमहापाडिहेरसजुत्तोण अरहताण ।
अठ्टगुण सपण्णाणं उड्ढलोयम्मि पइठ्ठियाणं सिद्धाणं ।
अठ्ठंपवयणमाउसंजुत्ताण आइरियाण । आयारादिसुदणणोवदेसयाणं उवज्झायाणं । तिरयणगुणपालणरवाणं सव्वसाहूणंणिच्च कालं अच्चेमि पुज्जेमि बदादि णमस्सामि, दुःक्खक्खओ कम्मक्खओ बोहिलाओ सुगईगमणं समाहिमरणं जिणगुणसम्पत्ति होउ मज्झं ।

यहां पच महागुरु भक्ति कायोत्सर्ग करें ।

(इत्याशीर्वादः)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शान्तिपाठ संस्कृत

(शान्तिपाठ बोलते समय दोनो हाथों से पुष्प वृष्टि करते रहना चाहिए)।

शान्तिजिनं शशिनिर्मलवक्त्रं, शीलगुणव्रतसंयम पात्रम्।
अष्टशतार्च्चितलक्षणगात्रं, नौमिजिनोत्तममम्बुजनेत्रम् ॥१॥
पंचमभीप्सितचक्रधराणां पूजितमिन्द्र नरेन्द्र गणैश्च।
शान्तिकरंगणशान्तिमभीप्सुः, षोडश तीर्थंकरं प्रणमामि ॥२॥
दिव्यतरुः सुरपुष्पसुवृष्टि, दुंन्दुभिरासनयोजनघोषौ।
आतपवारणचामरयुग्मे, यस्य विभाति च मण्डलतेजः ॥३॥
तं जगदर्चितशान्तिजिनेन्द्रं, शान्तिकरं शिरसा प्रणमामि।
सर्वंगणाय तु यच्छतु शान्ति, मह्यमरंत पठते परमांच ॥४॥

बसन्त तिलका छन्द

येऽभ्यर्चिता मुकुटकुण्डलहाररत्नैः।
शक्रादिभिः सुरगणैः स्तुतपादपद्माः ॥
ते मे जिनाः प्रवरवंशजगत्प्रदीपास्।
तीर्थंकराः सततशान्तिकरा भवन्तु ॥५॥

संपूजकानां प्रतिपालकानां, यतीन्द्रसामान्यतपोधननानाम्।
देशस्य राष्ट्रस्य पुरस्य राज्ञःकरोतु शान्ति भगवान जिनेन्द्रः ॥

(जलधारा ३ बार छोड़नी चाहिए)

स्रग्धरावृत्तम्।

क्षेमं सर्वंप्रजानां प्रभवतु बलवान् धार्मिको भूमिपाल।
काले काले च सम्यग्वर्षतु मघवा व्याधयो यान्तु नाशम् ॥
दुर्भिक्षं चौरमारी क्षणमपि जगतां मास्म भूज्जीवलोके।
जनेन्द्रं धर्मचक्रं प्रभवतु सततं सर्व सौख्यप्रदायि ॥७॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अनुष्टुप ।

प्रध्वस्तघातिकर्माणः केवल ज्ञान भास्कराः ।
कुर्वन्तु जगतः शान्ति वृषभाद्या जिनेश्वराः ॥८॥
(चन्दन की धारा ३ बार छोड़ना चाहिए)

प्रथमं करण चरणं द्रव्य नमः ।

अथेष्ट प्रार्थना ।

शास्त्राभ्यासो जिनपति नुतिः संगतिः सर्वदार्य्यै ।
सद्‌वृत्तानां गुणगणकथा, दोषवादे च मौनम् ॥
सर्वस्यापि प्रियहितवचो, भावना चात्मतत्वे ।
सम्पद्यंतां मम भवभवे, यावदेतेऽपवर्गः ॥९॥

आर्यावृत्तम ।

तव पादौ मम हृदये, मम हृदयं तव पदद्वये लीनम् ।
तिष्ठतु जिनेन्द्र ! तावद्यावन्निर्वाण सम्प्राप्तिः ॥१०॥
अक्खरपयत्थहीणं मत्ताहीण च जं मए भणियं ।
तं खमउ णाणदेव य मज्झवि दुःक्खक्खय दितु ॥११॥
दुःक्खखओ कम्मखओ समाहिमरण च बोहिलाहो य ।
मम होउ जगत-बान्धव तव जिणवर चरणसरणण ॥१२॥

शान्तिपाठ भाषा

शांतिनाथमुख शशि उनहारी । शील गुण व्रत संजम धारी ॥ लखन एकसौ आठ बिराजें निरखत नयन कमलदल लाजै ॥१॥ पंचमचक्रवर्तिपदधारी । सोलम तीर्थंकर सुखकारी । इन्द्रनरेन्द्र पूज्य जिननायक । नमौं शांतिहित शान्ति विधायक ॥२॥ दिव्य विटप पहुपन की बरसा । दुन्दुभि आसन वाणी सरसा ॥ छत्र चमर भामण्डल भारी । ये तुव प्रतिहार्य मनहारी ॥३॥ शान्ति जिनेश शान्ति सुखदाई । जगतपूज्य पूजौं सिर नाई ॥ परमशांति दीजे हम सबको । पढ़ैं तिन्हैं पुनि चार संघको ॥४॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वसन्ततिलका ।

पूजें जिन्हें मुकुट हार किरीट लाके
इन्द्रादिदेव अरु पूज्य पदाब्ज जाके ।।
सो शांतिनाथ वरवंशजगत्प्रदीप ।
मेरे लिये करहिं शांति सदा अनूप ।।५।।

संपूजकोको प्रतिपालकों को, यतीनको औ यतिनायको को ।
राजा प्रजा राष्ट्र सुदेशको ले, कीजे सुखी हे जिन शान्ति को दे ।६।

[तीन वार जलधारा छोड़ना चाहिए]

स्त्रग्धरा—होवे सारी प्रजा को सुख बलयुत हो धर्मधारी नरेशा ।
होवे वर्षा समयपै तिलभर न रहे व्याधियो का अंदेशा ।।
होवे चोरी न जारी सुसमय वरतै हो न दुष्काल भारी ।
सारे ही देश धारैं जिनवर वृषको जो सदा सौख्यकारी ।।७।।

दोहा—घातिकर्म जिन नाश करि, पायो केवल राज ।
शान्ति करैं ते जगत में, वृषभादिक जिनराज ।।८।।

(चन्दन की धारा तीन वार छोड़नी चहिए)

मन्दाक्रान्ता-- शास्त्रों का हो पठन सुखदा लाभ सत्संगति का ।
सद्व्रतों के सुगुन कहके, दोष ढांकूं सभी का ।
बोलूं प्यारे वचन हितके, आपका रूप ध्याऊं ।
तौलौं सेऊं चरन जिनके मोक्ष जोलौं न पाऊं ।।९।।

आर्या—तुवपद मेरे हिय में, ममहिय तेरे पुनीत चरणों में ।
तबलों लीन रहें प्रभु, जबलों पाया न मुक्तिपद मैंने ।।१०।।

अक्षरपद मात्रा से दूषित जो कुछ कहा गया मुझ से ।
क्षमा करौ प्रभु सो सब, करुणा करि पुनि छुडाहु भवदुखसे ।।
हे जगबन्धु जिनेश्वर पाऊं तव चरण शरण बलिहारी ।
मरणसमाधि सुदुर्लभ, कर्मों का क्षय सुबोध सुखकारी ।।

परिपुष्पांजलि क्षिपेत् ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

समुच्चय अर्घ

(पूजा के अन्त में पढ़ा जाता है)

मैं देव श्री अर्हं पूजूँ, सिद्ध पूजुं त भाव सों। आचार्य श्री उवझाय पुजूं साधु पूजु भाव सों।। अर्हन्त-भाषित वैन पूजु द्वादशांग रचे गुनी पूजु दिगम्बर गुरुचरन शिव हेत सब आशाहनी।। सर्वज्ञ भाषित धर्म दशविधि दयामय पूजु सदा। जजि भावना षोडष रतनत्रय जाबिना शिव नहीं कदा।। त्रैलोक्य के कृत्रिम अकृत्रिम चैत्यालय जजूं। पंच-मेरु नन्दीश्वर जिनालय खचर सुर पुजित भजूं।। कैलाश श्री सम्मेद श्री गिरनार गिरि पुजूं सदा। चम्पापुरी पावापुरी पुनि और तीरथ सर्वदा।। चौबीस श्री जिनराज पुजूं बीस क्षेत्र विदेह के। नामावली इक सहस वसु जय होय पति शिवगेह के।।

दोहा— जल गन्धाक्षत पुष्प चरु, दीप धूप फल लाय।
सर्व पूज्य पद पूजहुं बहुविध भक्ति बढ़ाय।।

ॐ ह्रीं भावपूजा, भाव वन्दना त्रिकालपूजा त्रिकाल वन्दना करवी कराववी-भावना भाववी, श्री अरहन्तजी सिद्धजी, आचार्यजी, उपाध्यायजी सर्वसाधुजी. पंच परमेष्ठिभ्यो नमः। प्रथमानुयोगकरणानुयोग चरणानुयोग द्रव्यानुभ्योगेनमः। दर्शनविशुद्धयादि षोडष कारणेभ्यो नमः। उत्तम क्षमादि दसलक्षण धर्मेभ्यो नमः। सम्यगर्शन दर्शन सम्यगज्ञान सम्यक्चारित्रेभ्यो नमः। जल विषं, थल विषे आकाश विषे. गुफा विषे. पहाड़ विषे, नगर-नगरी विषे, उर्ध्वलोक पाताल लोक विषे विराजमान कृत्रिम अकृत्रिम जिन चैत्यालय जिन बिम्बेभ्योनमः। विदेह क्षेत्रे विद्यमान बीस तीर्थंकरेभ्योनमः। पाँच भरत पांच ऐरावत क्षेत्र सम्बन्धी तीस चोबीसी के सातसोबीस जिनेभ्यों नमः। नन्दीश्वर द्वीप सम्बन्धी बावन जिन चत्यालयेभ्यो नमः। पच मेरु सम्बन्धी अस्सी जिनचैत्यालयेभ्यो नमः। सम्मेद शिखर, कैलाश, चम्पारपुर, पावापुर, गिरनार, सिद्धवरकूट, ऊन, पावा गिरी, बावनगजा आदि सिद्ध क्षेत्रेभ्यो नमः। जैन बिद्री मूड़बद्री

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

राजगृही, शत्रुन्जय तारंगा चमत्कार महावीरजी, पदमपुरीजी मक्सी पार्श्वनाथ बनेड़िया आदि अतिशय क्षेत्रेभ्यो नमः। श्रीचारण ऋद्धि-धारी सात परम ऋषिभ्यो नमः।

ॐ ह्रीं श्रीमतं भगवतं कृपालवतं श्री वृषभादि महावीर पर्यंत चतुर्विंश तीर्थंकर परमदेवं आद्यानां आद्ये जम्वुद्वीपे भरतक्षेत्रे आर्यखण्डे—नाम्न नगरे मासनामुतममें— शुभ—पक्षे — शुभे - तिथौ—वासरे मुनि आर्यिकानां क्षुल्लक क्षुल्लिकानां श्रावक श्राविकानां सकल कर्म क्षयार्थं (जलधारा) अनर्घ पद प्राप्तये सर्वेभ्यो सम्पूर्णार्घें निर्वापामिति स्वाहाः

विसर्जन

ज्ञानतोऽज्ञानतोवापि शास्त्रोक्तं न कृतं मया।
तत्सर्वं पूर्णमेवास्तु त्वत्वप्रसादाज्जिनेश्वर ॥

आव्हानन नैवजानामि क्षमस्व परमेश्वर।
विसर्जन न जानामि क्षमस्व परमेश्वर ॥२॥

मन्त्रहीनं क्रियाहीनं द्रव्यहीनं तथैव च।
तत्सर्वं क्षम्यतां देव रक्ष रक्ष जिनेश्वर ॥३॥

आहूता ये पुरा देवालब्ध भागायथाक्रमं।
तेमयाऽभ्यर्चिताभक्त्यां सर्वेयांतु यथास्थिति ॥४॥

सर्व मंगल माँगल्यं सर्व कल्याण कारकम्।
प्रधानं सर्वधर्माणाम् जैनं जयतु शासनम ॥५॥

चापाई।

भाषा स्तुति पाठ।

तुम तरनतारन भवनिवारन, भविकमनआन्दनों।
श्रीनाभिनंदन जगतवन्दन, आदिनाथ निरंजनों ॥१॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्री आदिनाथ अनादि सेऊं, सेय पद पूजा करूं ।
कैलाशगिरिपर रिषभजिनवर, पदकमल हिरदै धरूं ॥२॥

तुम अजीतनाथ अजीत जीते, अष्टकर्म महावली ।
यह विरद सुनकर सरन आयो, कृपा कीजे नाथजी ॥३॥

तुम चंद्रवदन सु चन्द्रलक्षन, चन्द्रपुरि परमेश्वरो ।
महासेननन्दन, जगतवन्दन, चन्द्र नाथ जिनेश्वरो ॥४॥

तुम शान्ति पांच कल्याण पूजूँ, शुद्ध मन वच कायजू ।
दुर्भिक्ष चोरीपापनाशें, विघन जाव पलायजू ॥३॥

तुमबालब्रह्म विवेक सागर, भव्यकमलविकाशनो ।
श्रीनेमिनाथ पवित्र दिनकर, पापतिमिर विनाशनो ॥६॥

जिन तजी राजुल राजकन्या, कामसैन्या वश करी ।
चारित्र रथ चढ़ि भये दूलह, जाय शिवरमणी वरी ॥७॥

कन्दर्प दर्प सुसर्पलच्छन, कमठ शठ निर्मद कियो ।
अश्वसेननदंन, जगतवन्दन, सकलसंघ मंगल कियो ॥८॥

जिन धरी बालक पणै दीक्षा, कमठमान विदारकै ।
श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्र के पद, मैं नमों सिर धारकै ॥९॥

तुम कर्मघाता मोक्षदाता, दीन जानिदया करो ।
सिद्धार्थनन्दन, जगतवन्दन, महावीर जिनेश्वरो ॥१०॥

छत्र सोहै सुर नर मोहै विनती अब धारिये ।
कर जोड़ि सेवक बीनवै प्रभु, आवागमन निवारिये ॥११॥

अब होउ भव भव स्वामि मेरे, मैं सदा सेवक रहूं ।
कर जोड़ यो वरदान मांगूं, मोक्षफल जावत लहूं ॥१२॥

जो एकमाहीं एक राजै, एकमाहि अनेकनों ।
इक अनेकनकी नहीं संख्या, नमों सिद्धनिरंजनो ॥१३॥

मैं तुम चरण कमलगुणगाय, बहुविधि भक्ति करूं, मन लाय ।
जनम जनम प्रभु पाऊं तोहि, यह सेवाफल दीजे मोहि ॥१४॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कृपा तिहारी ऐसी होय, जामन मरण मिटावो मोय।
बार-बार मैं विनती करूं, तुम सेये भवसागर तरूं ॥१५॥
नाम लेत सब दुख मिट जाय, तुम दर्शन देख्या प्रभु आय।
तुम हो प्रभु देवन के देव, मैं तो करूं चरणतव सेव ॥१६॥
मैं आयो पूजन के काज, मेरो जनम सफल भयो आज।
पूजा करकैंनवाऊं निजशीश मुझ अपराध क्षमहुं जगदीश।१७।

दोहा— सुख देना दुख मेटना, यही तुम्हारी बान। मो गरीब की वीनती सुन लीजो भगवान ॥१८॥ पूजन करते देवका, आदि मध्य अवसान स्वर्गन के सुख भोगकर, पावै मोक्ष निदान ॥१९॥ जैसी महिमा तुमविषैं, और धरै नांहि कोय। जो सूरज में ज्योति हैं तारन में नहिं सोय ॥२०॥नाथ तिहारे नाम तैं, अघ छिनमांहि पलाय। ज्यों दिनकर परकाशतैं, अन्धकार विनशाय ॥२१॥ बिनु मतलब बहुते अधम, तार दिये स्वयसेव। ज्यों मेरा कारज सफल कर देवन के देव ॥२२॥ बहुतप्रशंसा क्या करूं, मैं प्रभु बहुत अजान। पूजाविधि जानू नहीं शरन राखि भगवान ॥२३॥

आगम अभ्यास चाहूँ सेवा सर्वज्ञ तेरी, सगति सदैव मिलो साधर्म्मी जननकी। संगति के गुणन को वखान यह बान मेटो परो टवदेव पर औगुन के कथन की सवही सोंन सुख दैन मुख वैन भापूं—भावना त्रिकाल राखूं आत्मीक धन की। जौलों कर्म काट खोलूं मोक्ष कै कपाट तोलों एही वात हूजो प्रभु पूजों आस मनकी।

———

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्री रक्षाबंधन (सलूना) पूजा

प्रथम श्री अकंपनाचार्यादि सप्तशत मुनि पूजा प्रारंभ्यते

॥ अडिल्ल छन्द ।

श्री अ'कपन आदि सबे मुनि सातसै ।करबिहार हथनापुर आये सातसै। तहां भयो उप सर्ग बड़ो दुख कारजू । शान्तभाव से सहन कियो मुनिराजजू ।।१।।मितिजु पन्द्रस श्रावन शुक्ल प्रमानिये । ध्यानारू सुतिष्ट सर्वमुनि मानिये ॥ हुए उपसर्ग जुदूर धन्य घड़ी आजजी। तिन प्रतिशीश नमाय पूजू' मुनिराजजी ।।२।। तिनकी पूजा रचूं भाव अरु भक्ति से ।दिवस सलूना भयो यही इस युक्ति से। आह्वानन संस्थापन सन्निधि कर्णजी। तिष्ट गुरू इत आय करूं पद अर्चजी।

ॐ ह्रीं श्री अकंपनाचार्यादि सप्तशतमुनिश्वर समूह अत्र अवतरत अत्र- तत्र संवौषट अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठः ठः । अत्र मम सन्निहतो भवत भवत वषट्।

चाल जोगीरासा ।

शीतल प्राशुकउज्वल जल ले, कंचन झारी लाऊं ।
जन्म जरा मृत नाश करन को, तुमरे चरण चढाऊं ॥
श्री अकंपन गुरु आदि दे, मुनिसप्तसै जानों ।
तिन की पूजा रचूं सुखकारी भव भव के अधहानों ॥

ॐ ह्रीं श्री अकंपनाचार्यादिसप्तशत मुनिभ्यो जलं ॥

चन्दनकेशर मिश्रित करके, नीको चन्दन लाऊं ।
भव आताप जु दूर करन को, गुरु के चरण चढ़ाऊं ॥
श्री अ'कपन गुरु० ॥चन्दनं

चन्द्रकिरणसम उज्वल अक्षत, भावभक्ति से लीजे ।
पुंज मनोहर श्रीगुरु सन्मुख, श्रद्धा करजु धरीजे ॥
श्री अ'कपन गुरु० ॥अक्षतं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बेल चमेली श्री गुलाब के ताजे पुष्प सु लाऊं ।
काम बाण के नाश करन को श्री गुरु चरन चढ़ाऊं ॥
श्री अंकपन गुरु० ॥पुष्पं॥

गुंजा फेनी मोदक लाडू, ताजे तुरत बनाऊं ।
श्री गुरुवर के चरन चढ़ाकर, हर्ष हर्ष गुण गाऊं ॥
श्री अंकपन गुरु० ॥नैवेद्य॥

घृत कपूर की उत्तम जोतिसु, स्वर्ण कटोरी धारूं ।
श्री मुनिवर को पूज करूं मैं मोह कर्म को जारूं ॥
श्री अंकपन गुरु० ॥दीपं॥

धूप सुगन्ध सुवासित लेकर, धूपायन में खेऊं ।
अष्ट कर्म के नाश करन को, आनन्द मंगल लेऊं ॥
श्री अंकपन गुरु० ॥धूपं॥

लौंग इलायची श्रीफल पिस्ता, अरु बादाम मंगाऊं ।
सेंव सन्तरा खट्टा मीठा, श्रीगुरु चरन चढ़ाऊं ॥
श्री अंकपन गुरु० ॥फलं॥

जल फल आठों द्रव्य मिलाकर, भावभक्ति से लाया ।
हे गुरु हमको भव से तारो, ताते चरन चढ़ाया ॥
श्री अंकपन गुरु० ॥अर्घं॥

अथ जयमाला ।

दोहा ।

अंकपन मुनि आदि सब, सप्त सैकड़ा जान ।
तिनकी यह जयमाल सुनि, भाषा करूं बखान ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चौपाई ।

जीव दया पाले गुरु स्वामी दे धर्मोपदेश बहुनामी ।
छहों काय की रक्षा पाले, तपकर आठ कर्म को टाले ।।२।।
झूंठ न रंचमात्र मुख बोले, जो मन होय बचन सो खोले ।
महा सत्य व्रत के मुनिधारी, तिनके पांयन धोक हमारी ।।३।।
तृण जल भी अदत्त नहिं लेवे, धन कंचन सब तृणसम जोवे ।
महा अचौर्य व्रत के गुरुधारी, तिनके पांयन धोक हमारी ।।४।।
अठारह सहस शील के भेदा, निर्भय धारन हो सु अखेदा ।
शील महाव्रत के मुनिधारी, तिनके पाँयन धोक हमारी ।।५।।
चौबिस भेद परिग्रह गाये, सर्व त्याग बनवास कराये ।
परिग्रह त्याग महाव्रतधारी, तिनके पांयन धोक हमारी ।।६।।

पद्धड़ी छन्द ।

सुभावत भावन बारह नित्त, विचारत धर्म सदा सुपवित्त ।
जय ग्यारह अंगसु पढ़त पाठ, संसार भोग को त्याग ठाठ ।।७।।
पंचेन्द्रिय दमन करे महान, मन वचन कायकर शुद्ध ध्यान ।
जय मुनिवर वन्दौ शान्त चित्त, संसार देह भोगन विरत्त ।।८।।
जय मौन धारि मुनि तपकरंत, तब कर्म काठ सबही जरंत ।
जय आनन्द कन्द विधान रूप, जय ध्यावत गुरु आतम सरुप ।९।
संसार कष्ट ताटो मुनीन्द्र, तुम चरन नमें सब देव इन्द्र ।
जय मुनिवर वन्दों कर्मकाट, शिवनारि वरनका करत ठाट ।१०।

मैं अल्पमती अज्ञान बुद्ध, प्रभु क्षमा करो जो हो अशुद्ध ।
रघुवर सुत वंदत शीशनाय, श्री गुरु के गुण गाये बनाय ।।११।।

घत्ता ।

मुनिसब गुण धारं, जग उपकारं कर भव पारं सुखकारं ।
कर कर्म जु नाशा आतम शासा, सुख परकाशा दातारं ।।१२।।
ॐ ह्रीं अंकपनादि सप्तशत मुनिभ्यो महार्घं ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दोहा—भक्ति भाव मन लायकर, पूजे बांच जोय।
बाबूलाल सु स्वर्ग पद, निश्चय ताको होय ॥
इत्याशीर्वादः।

श्री विष्णुकुमार मुनि की पूजा

अडिल्ल छन्द।

विष्णुकुमार मुनीश्वर को ऋद्धि भई, नाम विक्रिया तास सकल आनन्द ठई। सो मुनि आते हथनापुर के बीच में, मुनि बचाये रक्षा कर बन बीच में ॥१॥ तहां भयो आनन्द सर्व जीवन घनो, जिम चिन्तामणि रत्न रंक पायो मनो। सब पुर जै जै कार शब्द उचरत भये, मुनि को देय अहार आप करते भये ॥२॥

ॐ ह्रीं श्री विष्णुकुमार मुनि अत्र अवतर अवतर संवौषट्। अत्र तिष्ठ तिष्ठः ठः ठः। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्।

अथाष्टकं

गंगा जल सम उज्जवल नीर, पूजों विष्णुकुमार सुधीर।
दयानिधि हो, जय जग बन्धु दयानिधि हो ॥
सप्त सैंकड़ा मुनिवर जान, रक्षा करी विष्णु भगवान।
दयानिधि हो, जय जग बन्धु दयानिधि हो ॥
ॐ ह्रीं श्री विष्णुकुमार मुनये नम; जलं निर्वा ॥

मलयागर चन्दन शुभ सार, पूजों श्री गुरुवर निर्धार।
दयानिधि हो, जय जग बन्धु दयानिधि हो ॥सप्त सैंकड़ा मुनि ।चन्दनं।
श्वेत अखण्डित अक्षत लाय, पूजो श्री मुनिवर के पाय।
दयानिधि हो, जय जग बन्धु दयानिधि हो ॥ सप्त सैंकड़ा ॥अक्षतं॥
कमल केतकी पुष्प चढ़ाय, मेटो काम बाण दुखदाय।
दयानिधि हो, जय जग बन्धु दयानिधि हो ॥सप्त सैंकड़ा मुनि ॥पुष्पं॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लाडू फेनी घेवर लाय, सब मोदक मुनि चरन चढ़ाय।
दयानिधि हो, जय जग बन्धु, दयानिधि हो ॥सप्त सैंकड़ा ॥नैवेद्यं॥
घृत कपूर का दीपक जोय, मोह तिमिर सब जावे खोय।
दयानिधि हो, जय जग बन्धु दयानिधि हो ॥ सप्त सैंकड़ा ॥दीपं॥
अगर कपूर सु धूप बनाय, जारे अष्ट करम दुखदाय।
दयानिधि हो, जय जग बन्धु दयानिधि हो ॥सप्त सैंकड़ा मुनि ॥धूपं॥
लौंग इलायची श्रीफल सार, पूजों श्री मुनि सुख दातार।
दयानिधि हो, जय जग बन्धु दयानिधि हो ॥ सप्त सैंकड़ा मुनि ॥फलं॥
जल फल आठों सर्व संजोय, श्री मुनिवर पद पूजों दोय।
दयानिधि हो, जय जग बंधु दयानिधि हो ॥सप्त सैंकड़ा मुनि० ॥अर्घं॥

दोहा—श्रावण सुदी सु पूर्णिमा मुनि रक्षा दिन जान।
रक्षक विष्णु कुमार मुनि, तिन जयमाल बखान ॥१॥

चाल छंद-भुजंग प्रयान ॥

श्री विष्णु देवा, करूं चर्ण सेवा।हरो जग की बाधा सुन टेर देवा॥
सुगजपुर पधारे महा सुखकारी। धरो रुप बामन सु मन में विचारी।२।
गये पास बलि के हुआ वो प्रसन्ना।जो मांगो सो पावो दियो ये वचन्ना॥
मुनि तीन डग मांगि धरनी सु नापै दईताने तत्क्षणसुनहि ढील थापै।३।
करी विक्रिया मुनि सु काया बढ़ाई। जगह सारीलेली सु डग दो के मांहीं
धरी तीसरी डग सु बलीपीठ माहीं। सु मांगी क्षमा तब बली ने बनाई ४
जल की सु वृष्टि करी सुखकारी। सरब अग्नि क्षण में भई भस्म सारी॥
टरे सर्व उपसर्ग श्री विष्णुजी से। भई जै जै कारा सरब नगर ही से॥५॥

चौपाई—फिर राजा के हुक्म प्रमान। रक्षा बंधन बन्धी सुजान॥
मुनिवर घर घर कियो बिहार। श्रावक जन तिन दियो अहार ॥६॥
जा घर मुनि नहीं आये कोय। निज दरवाजे चित्र सुलोय॥
स्थापन कर तिन पूज रचाय। फिर सब भोजन कियो बनाय ॥७॥
तब से नाम सलूना सार। जैन धर्म का है त्यौहार॥
शुद्ध क्रिया कर मानो जीव। जासो धर्म सु बढ़े अतीव ॥८॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

धर्म पदारथ जग में सार। धर्म बिना झूंठो संसार॥
सावन सुदी पूनम जब होय। यह पूजन दो कीजे लोय॥९॥
सब भाइन को दो समझाय। रक्षा बन्धन कथा सुनाय॥
पर्व प्रवर्तक विष्णुकुमार। तिनकी भक्ति हृदय में धार॥१०॥
सब के रक्षा बन्धन बांध। जैन मुनिन की रक्षा साध॥
इस विधि से मानों त्यौहार। नाम सलूना जगमें सार॥११॥
या पूजन कवि नहिं रचो कोय। जो रची देख पाई न सोय॥
तातैं या पूजन रची सार। पढ़ियो सुभव्य भूले सम्हार॥१२॥
श्री विष्णु गुरू के चरण दोय। तनुज वर्मे नित मन संजोय॥
"नगले सरूप" वासी जु दास। मुनि चरन सेव की करत आस॥१३॥

घत्ता।

मुनि दीन दयाला, सब दुख टाला, आनन्द माला सुखकारी॥
रघु सुत नित बन्दे, आनन्द कन्दे, सुक्ख करंदे हितकारी।१४।।महार्घं।

दोहा।

विष्णुकुमार मुनि चरन, जो पूजे धर प्रीति।
रघु सुत पावे स्वर्गपद, लहे पुण्य नवनीत॥

इत्याशीर्वाद।

सुगन्ध दशमी पूजा

अडिल्ल।

सुगन्ध दशमी को पर्व भादवा शुक्ल में।सब इन्द्रादिक देव आ मधि लोक में॥ जिन अकृतिम धाम धूप खेवें तहां। हम भी पूजत आव्हानन करिके यहां॥

ॐ ह्रीं सुगन्ध दशमी व्रतोद्योपनाय श्री जिन विम्ब समूह अत्रावर अवतर संवौषट् आव्हान। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ;ठ; स्थापनं अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

पद्मादिक द्रह को जल उत्तम मणि भृंगार भरावे।
जनम जरा मृत्यु नाशन कारण जल धारा जु ढरावे॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पर्व सुगन्ध दशै दिन जिनवर पूजै अति हरषाई ।
सुगन्ध देह तीर्थंकर पद की पावै शिव सुखदाई ।।१।।
ॐ ह्रीं सुगन्ध दशमी व्रतोद्योपनाय जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलंनिर्व स्वाहा
मलयागिर चन्दन संग केसरि केलीनन्द घसावै ।
ता द्रव्य ते पूजत जिनवर को भव आताप मिटावै ।।पर्व० चन्दनं।।
चन्द्र किरण सम अक्षत उज्जवल कमल शालि के ल्यावे ।
जिन चरणाग्रज पुंज करत ही तुरत अक्षय पद पावे ।।पर्व०पुष्पं।।
पारिजात संतान कल्प तरु पुष्प सुगंध घनेरे ।
कमल जिनेश्वर पद पूजै चहोणै बाण मनोज उड़े रे ।।पर्व अक्षतं।।
खाजा फैनी मोदक अग्नि कपूर हो घृत बनावै ।
मिष्ट रसत करि पूरित जिन पद पूजत क्षुधाधि न शावै ।पर्व०नैवेद्य।
दीप रतन मय कपूंरादिक सूर्य किरण से ल्यावै ।
जिन चरणन पर वारै आंथिक ज्ञान अनन्त हो जावै ।।पर्व०दीपं।।
अगर तगर मलियागिर चंदन धूप दशांग संगावै ।
स्वर्ण धूपायन संग हुतासन खेये बिधिजर जावै ।।पर्व०धूपं।।
फल सुलाय के आम्र सुगं सूना शा नेत्र सुहावे ।
जिनवर पद पूजत हो फल देते मुकातिवधूवर थापै ।।पर्व० फलं।।
कमल सुगन्धित नीर सु चन्दन अक्षत पुष्प मिलावै।
चरु अरु दीप धूप फल सेती सुवरण थाल भरावै ।।
नृत्य गान वादित्र बजावै अर्घं जिनेन्द्र चढ़ाई ।
सुगन्ध देह तीर्थंकर पद की पावै शिव सुखदाई ।।
ॐ ह्रीं सुगन्ध दशै व्रतोपद्योनाय अर्घ ।।९।।

जयमाला

दोहा ।

सर्व सुगन्ध देश तनो, अति महिमा को धाम ।
ताकी जयमाला कहूं, मुक्ति मिलने को काम ।।

ढारते गुरु की में

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भाद्रव सुदि दशमी विषै इन्द्रादिक सब देव।
सुर सुरांगना सैन्य जुत आवत है स्वमेव।। सुगन्धि दशम जिन ।।१।।
खेय करि धूप सुगन्ध मुकति कमल मुख भ्रमर होय।।
सूंघत निशदिन गन्ध सुगन्ध दशम जिन पूजस्यां ।।२।।
ताकी विधि वर्णनत करूं करके जिन सेव।
भक्ति थकी वाचाल है सुगंधदशम जिन पूजस्यां ।।३।।
चतुरनिकाय सुराधिया प्रति इन्द्र जु सहेत।
ध्वज वादित्र जु अग्रकरि जिनगुन गान करेह।। सुगन्ध दशमजिन।४।
मध्यलोक में आय कैं अकृतिम जिनगेह।
तहाँ आय पूजन करै जिन गुन गान करेह।। सुगंध दशम जिन ।।५।।
विविध सुगन्ध मिलाय कै खेवत धूप सुगन्ध।
तांकी धूम्र जुअलि सबै नभ जु करै सनबन्ध।। सुगन्ध दशम जिन।६।
धूप धूम मिस करम की मानू धूप उडंत।
दशों दिशा में भरमत फिरै ठौरन कहूं दीसंत।।सुगन्ध दशम जिन ।।७।।
जय जय रव देवन तनै गुन गुन गान करेत।
शब्दातम पृथ्वी भई मानू हरषत अंग।।सुगन्ध दशम जिन ।।८।।
नरनारी अति हरखतें उत्सव अति ही कराहि। सुगन्ध दशम जिन।९।
वस्त्राभूषण धारितन धूप सुगन्ध बनाय।
जिन मन्दिर में धूप घट खेवत धूप जु जाय।।सुगन्ध दशम जिन ।।१०।।
सुगंध दशै का पर्व की वर्णन की बुधि नांहि।
चन्द सरुप जु कहत है कोलो कहूं बनाय।।
यहाँ हूं नगर मझारि सब अर ग्रामादिक मांहि।।सुगन्ध दशम जिन।११।
जो यों दशमी व्रत करे मनवच तन कर शुद्ध।
सकल कर्म को नाश करि होय केवली बुद्ध।। सुगन्ध दशम जिन ।।१२।।
ॐ ह्रीं सुगंध दशै व्रोद्योपनाय पूर्णार्घं ।।

इति श्री सुगन्ध दशमी पूजा सम्पूर्णम्।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सुगन्ध दशमी व्रत कथा

चौपाई

पंच परम गुरु वन्दन करुं, ताकरि सम अघ-बंधन हरुं
सार सुगन्ध दशमी व्रत कथा; भाषत हूं भाषी जिन यथा
गुरु अरु शारद के परसादि, कहस्यूं भेद सारपूजादि ।
जे भवि इह व्रत करिहैं सही. तिन स्वर्गादिक पदवी लही
सन्मति जिन गौतम मुनिराय, तिनके क्रम नमि श्रेणिकराय
करत भयो इन थुति सुखकार, विश्वकारण जगबंधु करार
भव्य-कमल प्रतिबोधन सूर्य, मुक्तिपंथ निरबाहन धूर्य ।
श्रुतवारिधि को पोत समान, इन्द्रादिक तुम सेवक जान
व्रत सुगन्ध दशमी इह सार, कीन्हूं किान किमि विधिविस्तार
अरु याको फल कैसो होय, मोकूं उपदेशो मुनि सोय ५

यह सुनकर गौतम गणधर कहने लगे—

मगध देश के तुम भूपार, सुनि व्रतकी सुकथा सुखकार।
इह प्रश्न तुम उत्तम करयौ, मैं भाषूं जो जिन उच्चरयौ
सुनत मात्र व्रतको विस्तार, पाप अनन्त हरैं तत्कार ।
जे कर्ता क्रमतैं शिव जाय. और कहा कहिये अधिकाय

दोहा---जम्बू द्वीप विषैं इहां, भारत क्षेत्र सुजान।
तहां देश काशी लसै, पुर वाराणसि मान ॥ ८ ॥

चौपाई

पद्मनाभ जाको भूपार, कीन्हू वसु मदको परिहार ।
सप्त व्यसन तजि गुण उपजाय, ऐसे राज करैं सुखदाय ९
श्रीयमति जाकै वर नारि, निज पतिकूं अति ही सुखकारि
एक समय वनक्रीडा हेत, जावत थो निज भूमि समेत १०
पुर नजीकसे ही जब गयो, निज मन मांहीं आनंद लयो
तवही एक मुनीश्वर सार, मासवास करिकै अवतार ११

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

असन काजि आते मुनि जोय राणीसों भाखै नृप सोय
तुम जावो द्यो भोजन सार, कीजो मुनिकी भक्ति अपार
इम सुनि राणी मन इम धरयो, भोगांगे मुनि अनन्तरकरयो
दुखकारी पापी मुनि आय मेरो सुख इनि दियो गमाय
मन ही में दुःखी अति घणी, आज्ञा मान चली पतितणी
जाय कियो भोजन ततकाल, आगै और सुनो भूपाल
मुनि भूपतिके ही घर गयो, राणी असन महा निंदयो।
करी तुम्बरीको जु अहार, दियो मुनिश्वरकुं दुखकार १५
भोजन करि चाले मुनिराय, मारगमांहि गहल अति आय
परयो भूमिपर तव मुनिराज, कियो श्रावकां देखि इलाज
बैठे एक जिनालय सार, तहाँ ले गये करि उपचार।
फेरि सकल ऐसे वच चयो, रानी खोटो भोजन दयो
तातैं मुनि महा दुख पाय, सून्य हो गये हैं अधिकाय।
धिक २ है ताको अति घणों, दुष्ट स्वभाव अधिक जातणों
तवही वनसौं आयो राय, सुनी बात राजा दुख पाय।
राणीसों खोटे बच कहे, बस्त्राभरण खोसि कर लये १९
काढ़ि दई घर बाहरी जबै दुखी भइ अतिही सो तबै।
कुष्टातुर १ व्है आरत कियो, प्राण छोरि महिषी तन लीयो
याकी सात भैंस मरि गई, तव ये अति दुर्बलता लई।
एक समै कर्दम मधि जाय, मरण भई नाना दुख पाय २१
तहां थकी देख्यौ मुनि कोय, सींग हिलाये क्रोधित होय
तबही पंक विषै गडि गई, प्राण छोरि खरणी उपजई।
भई पांगुरो पिछले पांय, तब ही एक मुनिश्वर आय।
पूरब वेर सु मन में ठयो, तहां कलुष परिणाम जु भयो
दोहा—कियो क्रोध मन मैं घणों, दई दुलत्ती जाय।

प्राण छोरि निज पापतैं, लई सूकरी काय ॥२४॥
श्वानादिक के दुखतैं, भूखी प्यास होय।
मरि चंडालीके सुता, उपजी निंदित सोय ॥२५॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चौपाई

गरभि आवतां विनस्यौ तात, उपजतही तन त्याग्यौ मात
पालै सुजन मरै पुनि सोय, अरु आवत तनमें बदबोय २६
इक जोजनलों आवै बास, ताहि थकी आवै नहिं श्वास।
पंच अभख फल खावो करें, ऐसी बिधि बनमें सो फिरै
तहां एक मुनि शिश जुत देख, रागद्वेष तजि शुद्ध विशेख
ता वनमें आये गुण भरे, लघु मुनि गुरुसौं परसन १ करे २८
वास निंद्य आवे अधिकाय, स्वासी कारण मोहि बताय
मुनि भाषैं सुनि मन वचकाय, जो प्राणी ऋषिको दुखदाय
ते नाना दुख पावैं सही, मुनिनिंदा सम अब को नहीं।
कन्या इनि पूरव भव माहिं, मुनि दुखायो थो अधिकाहि
ता करि तिरजग२ में दुखपाय, भई वधिक कै कन्या आय
सो इह देखि फिरतु है वाल, मुनि संशय भागो तत्काल
दोहा—पुनि गुरुसे इम शिष कहै अब किम इनि अघ जाय
मुनि बोले जिन धर्मको धारे पाप हराय ॥ ३२

चौपाई

गुरु शिष वचन सुता इम सुण्यो, उपशमभाव सुखार मुण्यो
पंच अभख फल त्यागे जबै, अशन मिलै लागो शुभ तबै
शुद्ध भावसों छोरे प्रान, नगर उज्जैनी श्रेणिक जान।
तहां दरिद्री द्विज इक रहैं, पाप उदै करि वहु दुख लहै
ता द्विजकै यह पुत्री भई पिता मात जमके वसि थई।
तब यह दुखवती अति होय, पाप समान न बैरी कोय
कष्ट कष्ट करि वृद्ध जु भई, एक समै सो वनमैं गई
तहां सुदर्शन थे मुनिराय, जिनससे न राजा तिहि जाय।
धर्म सुन्यो भुपति सुखकार, इह पुनि गई तहां तिहिवार
अधिक लोक कन्याकूं जोय, पाप थकी ऐसो पद होय ३७
दोहा—जिस समे इह कन्याका, घासपुञ्ज सिरि धारि

१ प्रश्न २ तिर्यंच

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

खडी मुनी वच सुनत थी, पुनि निज भार उतारि

चौपाई

मुनि मुखतें सुनि कन्या भाव, पूरवभव सुमरण तव थाय
याद करी पिछली वेदना, मूर्छा खाय परी दुख घना ३९
तव राजा उपचार कराय, चेत करी पुनि पूछि बुलाय।
पुत्री तू ऐसे क्यूं भई, सुनि कन्या तव यूं वरनई ।४०।
पूरवभव विरतन्त वताय, मैं जु दुखायो थो मुनिराय।
करी तुम्बिकाको जु आहार, दियो मुनोकूं अति दुखकार
सौ अघ अबलौं भी मुझ दहै, इम सुनि नृप मुनिवरसों कहै
इह किमी विधी सुख पावै अवै, जव मुनिराज बखान्यु तवै
जब सुगन्ध दशमी व्रत धरै, तब कन्या अघ संचय हरै ।
कैसो विधि याकी मुनिराय, तव ऋषि भादव मास बताय
सुदि पंचमि दिनसों आचरै, यथाशक्ति नवमी लौं करै।
दशमी दिन कीजे उपवास, ता करि होय अधिक अघ नास
शुक्ल पक्ष दशमी दिन सार, दश पूजा करि वसु परकार
दश स्तोत्र पढिये मन लाय, दश मुखका घटसार वनाय
तामें पावक१ उत्तम धरै, धूप दसांग खेद अघ हरै ।
सप्तधानको साथ्यो सार, करि तापरि दश दीपक धार
ऐसे पूज करै मन लाय, सुखकारी जिनराज बताय ।
तातैं इहविधि पूजा कहै, सो भवि जीव भवोदधि तरै ४७

दोहा:—जिनकी पूज समान फल, हूवो न ह्वसी कोय ।
स्वर्गादिक पदको करै, पुनि देहै शिव जोय ॥ ४८

चौपाई

दश संवत्सरलौं जो करै, ताहीके जिन गुण अवतरै ।
करै बहुरि उद्यापन राय, सुनहु सुविधि तुम मन वच काय

१ अग्नि।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

महाशांति अभिषेक करेय, जिन आगे वर पुहुप धरेय।
जो उपकरन धरै जिन थालि, ताको भेद सुनो चित आनि
दश जु वर्णको चन्दवो लाय, सों जिनबिंब उपरि तनवाय
और पताका दश ध्वज सार, बाजै घन्टानाद अपार ५१
मुक्तमालकी शोभा करै, चामर युगल अनूपम धरै।
और सुनो आगै मनलाय, प्रभु को भक्ति किये सुख थाय
धूपदहन दस आरति आनि, सिंहपीठ आदिक पहिचान।
इत्यादिक उपकरण मंगाय, भक्ति भावजुत भव्य चढाय
दान आहार आदि चउ देय, ताकरि भवि अधिको फललेय
आर्याको अम्बर दीजिये, कुंटीश्रुत निजरै कीजिये ५४
यथा योग्य मुनिको दे दान, इत्यादिक उद्यापन गान।
जो न इसी ह्वै शक्ति लगार, थौरो ही कीजे हित धार ५५
जो न सर्वथा घरमैं होय, तो दूणों कीजे व्रत सोय।
पणि१ व्रत तो करिये मनलाय, जो सुरमोक्ष सुथानक दाय

दोहा—साक पिंड़के दानतैं, रतन वृष्टि है राय।
इहां द्रव्य लागौ कहां, भावनिकौ अधिकाय ५७
तातैं शक्ति उपायकैं, स्वातम हित मन लाय।
व्रत कीजे जिनवर कह्यो, इम सुन करि तब राय

चौपाई

द्विज कन्याकौं भूप बुलाय, व्रत सुगन्ध दशमी बतलाय
राय सहाय थकी व्रत करयो, पूरव पाप बन्ध तब हरयो
उद्यापन करि मन वच काय, और सुनो आगे मन लाय
एक कनकपुर जानो सार नाम कनकप्रभ तसु भूपार ६०
नारि कनकमाला अभिराम, राज सेठ इक जिनदत्त नाम
जाकै जिनदत्ता वर नार, तिहिं ताके लीन्हूं अवतार ६१
तिलकमती नामा गुण भरी, रूप सुगन्ध महासुन्दरी।
क्युं इक पाप उदै पुनि आय, प्राण तजै ताकि तब माय

परन्तु

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0 In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जननी बिन दुख पावे बाल, और सुनो श्रेणिक भूपाल
जिनदत्त जोवनमय थो जबं, अपनो ब्याह विचारयो तबं
इक गोर्धनपुर नगर सुजान, वृजभदत्त बाणिज तिह थान
ताकै एक सुता शुभ भई, वन्धुमती तसु संज्ञा दई ६४
तासो कीन्हुं सेठ विवाह, बाजा बाजे अधिक उछाह।
परणि सुयरि लायो सुखकार, आगे और सुनो विस्तार

दोहा—भोग शर्म१ करती भई, कन्या इक लखि १ाय।
नाम धरयो तब मोदतें, तेजोमती सुभाय ॥ ६६

छन्द

प्यारी माताकूं लागे, नहिं तिलकमति सों रागे।
नाना बिधि करि दुखद्यावे, ताके मन सो नहि भावे ६८
तव तात सुतासु निहारी, कन्या यह दुखित विचारी।
जब दासी आधिक नारी, तिनसों इम सेठ उचारी ६८
याकी सेवा सुखकारी, कीजौ युक्ति विचारी।
ऐसे सुन ते सुख पावे, तव नीकी भांति खिलावैं ॥६९

चौपाई

एक समे कंचनप्रभ राय, दीपांतर जिनदत्त पठाय।
नारीसों तब भाखै जाय, हमकूं राजा दीपि खिनाय ७०
तातैं एक सुनो तुम बात, इह पढो रणाज्यो हरषात।
अष्टगुणायुत जो वर होय. इनको करि दीज्यो अव लोय
इम कहि दीपि चल्यो तत्काल, और सुनो श्रेणिक भूपाल
आवै करन सगाई कोय, तिलकमति जाचै तब सोय ७२
बन्धुमती भाखै जब आय यामैं अवगुण हैं अधिकाय।
मम पुत्री गुणवन्ती घणी, रूप आदि शुभ लक्षण भणी
तातै मो कन्या शुभ जान, वर नक्षत्र ब्याहौ तुम आन
ते इनकी माने नहिं बात, तिलकमती जाची शुभ गात

सुख।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कही फेरि यों ही तव सही, मनमैं कपटाई धरि लई।
व्याह समै कन्या ममसार, करदेस्यु व्याहित जिहिवार
करी सगाई आनन्द आये व्याह समै आये तब सोय।
बन्धुमती फेरों की वार, तिलकमती बहु भांति सिंगार
घडी दोय रजनी जब गई, तिलकमतीको निज संति लई।
जबहिं मसाण भूमिमधि जाय, पुत्रि कूं तिहि थान बैठाय
तहां दीप जाये शुभ चार पूरै तेल उद्योत अपार।
चौगिरदा दीपक चउ धरे, मध्य तिलकमति थिरता करै
तिलकमती सो भाषी जहां, तो भरता आवेगो इहां।
ताहि विवाहि आवजे१ वाल, इमि कहिकर चाली तत्काल
आधी रात गये तब राय, महल थके२ लखि वितर्क३ लाय
देवसुता यक्षनि वा कोय, ना जानै वा किन्नरि होय॥
के इह नारि इहां को आय, ऐसी विधि चितवन करि राय
हस्त खडग ले चाल्यो तहां, तिलकमती तिष्ठे थी जहां

दोहा—जाय पूछियो रायजी, तू गुण है इहि थान।
तिलकमती सुनकै तबै, ऐसी भांति बखान ॥८२॥
भूपति मेरे तात कूं, रतन सुदीपि पठाय।
मोकूं मम माता इहां थापि गई अब आय ॥८३॥

चौपाई

भाषि गई इनि थानकि कोय आवेगो ते भरता सोय।
यातैं तुम आये अब धीर मैं नारी तुम नाथ गहीर ८४
सुणि राजा तव व्याहसु करयो रेनि रह्यो तैंठे४ सुख धर्यो
राजा प्रात समै अवलोय५ निज मंदिर आविनको होय
तिलकमती ऐसे तब कही अब तो तुम मेरे पति सही।
सर्पजेमि६ डसि जावो कहां सुणि इमि भाये भूपति तहां
निशिकी निशि आस्यूं तुझि पास, तू तो महाशर्म की रासि

१आना २से ३कल्पना ४वहां ५देख ६सर्प के समान

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तिलकमती पूछै शिरनाय कहा नाम तुम मोहि बताय ।।
राजा गोप कह्यो निज नाम इम सुनि तिय पायो सुखधाम
यूं कहिं अपने थानिक गयो तब ही परभात सुभयो ।।
वन्धुमती कहि कपट विचार तिलकमती है अति दुखकार
व्याह समे उठिगों किनि थान जन जनसों पूछे दुख मान
दोहा—देखो है सा पापिनी गई कहां दुखदाय ।
ढूंढ़त ढूढ़त कन्या को लखी मसाणां जाय ।।९०।।
जाय कहै दुखदा सुता इनि थानको क्रिम आय।
भूत प्रेत लागो कहां ऐसी विधि बतलाय ।।९१।।

चौपाई

तिलकमती भाषै उमगाय तैं भाख्यो कोन्हूं तो माय ।
वन्धुमती कहि त्वंग१ पुकार देखो हे यह ! असत उचार
जानूं कहां कबै इह आय व्याहसमैं दुख दिया अघायर
तेजोमती विवाहित करी साहा३ की समये नहिं टरी ।।
खिजि भाषी उठि चल घर अबै ले आई अपने थल तबै ।
तिलकमती सो पूछै मात तैं कैसो वर पायौं रात ।।९४।।
सुता कह्यो बरियो हम गोप रैनि परणि परभात अलोप ६
वन्धुमती भाषी तत्काल रो ! ते वर पायो गोपाल
दोहा— घर इक गेहि समीप थो सों दीन्हूं दुख पाय ।
नित प्रति रजनी के विषै आवै तहां सूरराय ।।९५।।
दीप निमित नहीं तेल दे तबहि अंधेरे मांहि ।
राजा तेठे ही रहै सुख पावे अधिकाहिं ।।९७।।
केते इक दिन ऐसे गये वन्धुमती तब यूं बच चये ।
तोहि गुवाल्यातें कहि जाय दोय बुहारी तो दे लाय ।।९८
तिलकमती आरे४ करि लई राति भये निज पतिपै गई ।
करि क्रीडा मुख वचन उचार नाथ सुनो अरदास हमार ।।

१ जोर से २ बहुत ३ लग्न ४ स्वीकार

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जुगल बुहारी मेरी मात जांची है तुम पै हरषात।
यातैं ल्यादीज्यो तुम देव अंगी१ कीन्हूं भूप स्वमेव ॥
सभा जाय बैठ्यो तब राय स्वर्णकार तब सार बुलाय।
इम सुनि तबहि सुकंचनकार२ लागि गये घड़ने अधिकार
स्वर्ण सींक सबके मन मोहि रत्नजड़ित सूंट्यो अति सोहि
षोडष भूषण और मंगाय डाबा में धरि चाल्यो राय।
एक वेष उत्तम करि लयो रजनी समय नारि ढिग गयो ॥
रतन जडितकी कोर जु सार शोभे सारी के अधिकार।
भूषण वेश दये नृप जाय दोय बुहारी लखत सुहाय
नारि चरण नृप के तब धोय सिर केशनि लैं पूंछि बहोय
क्रीडा करि वहुते सुख पाय प्रात भये नृप तो घरि जाय ॥
तिलकमती अति हर्षित होय जाय दई सुबुहारी दोय ॥
और दिखाये भूषण वेश माई देख्यो सार जु वेश १०५
मन में दुखित वचन इम चयो तेरो भरता तस्कर भयो।
राजा के भूषण अरु वेश लाय दये तोकूं जु अशेष १०६
हम सबकूं दुखद्यासी४ सोय इम कहि खोसिलये दुखि होय
इह विलगीर भई अधिकाय रात बिबैं पतिसों कहि जाय
भूषण वेश खोसिलते माय निज काठे५ राखे दुख पाय।
राय तबै सम्बोधी जोय मन चिंता राखो मति कोय ॥
ओर घणेही देहूं लाय इम सुनि तिलकमती सुख पाय।
दीपथकी जिनदत्त जु आय बन्धुमती पतिसों बतलाय ॥
तिलकमती के अवगुण घणां कहां कहूं पति अब वा तणां।
व्याह समं उठिगो किहि थानि परण्यो चोर तहां सुखठानि
सो तस्कर भूपति के जाय भूषण वेश चोर करि लाय।
याकूं वह दीन्हे तब आय खोसि रहे मोढिग मैं लाय ॥
सेठ देखि कम्पित मनमांहि तबहि राज सुथानिक जाहि।
धरे जाय राज के पांय सब विरतन्त कह्यो सुनि राय।

---

१ स्वीकार, २ सुनार, ३ दुख, ४ देगा, ५ पास

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कह्यो वेश भूषण तौ आय परिह्नर चोर आनिह्यो लाय।
इहविधि सेठ सुनि नृप बात चाल्यो निज घरि कंपित गात
साह सुतासौं इह वच कह्यो तें हमकूं इह कुण दुख दियो।
पति को जाणें है अकि नांहि कह्यो दीप बिन जाणू कांहि
कबहूं दीपक हेति सनेह मोकूं मम माता नहिं देह।
सेठ कहै किसही विधि जान तिलकमती जब बहुरि बखान
इक विधि करि मैं जानूं तात सो वह सुनो हमारी बात।
जब पति आते मो ढिग जहां तब उनि पद धोवत थी तहां
धोवत चरण पिछानूं सही और इलाज इहां अब नहीं
सेठ कही भूपति सौं जाय कन्या तो इस भांति बताय॥
ऐसे सुनि तब बोल्यौ भूप, इहतौ विधि तुम जांणि अनूप
तस्कर ठीक करनने काज, तुम घर आवेंगे हम आज
सेठ तबै प्रसन्न अति भयो, जाय तयारी करतो भयो।
तब राजा परिवार मिलाय, तबही सेठ तणै घर जाय
प्रजाजु सकल इकट्ठी भई, तिलकमती बुलबायसु लई।
नेत्र मूंदि पद धोबत जाय, यह भी नहीं नहीं पति आय
जब नृप के चरणाम्बूज धोय, कहत भई एही पति होय
राजा हंसि इम कहतो भयो, इनि हमकूं तस्कर कर दियो
तिलकमती पुनि ऐसे कही, नृप हो वा अनि हो यह सही
लोक हंसन लागै जिहि बार, भूप मनै कीन्हें ततकार
वृथा हास्य लोका मति करो, मैं ही पति निश्चय मनधरों
लोक कहै कैसे इह वणी, आदि अन्त लों भूपति भणी
तबही लोक सकल इम कह्यो, कन्या धन्य भूप पति लह्यो
पूरब इनि ब्रत कीन्हूं सार, ताको फल इय फल्यौ अबार
भोजन-अन्तर कर उत्साह, सेठ कियो सब देखत ब्याह
ताकूं पटराणी नृप करी, भूपति मन में साता धरी
एक समय पतियुत सो नारि, गई सुजिन के गेह मझारी
वीतराग मुख देख्यो सार, पुण्य उपायो सख दातार

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सभाविषै श्रुतिसागर मुनि, बैठे ज्ञान निधी बहु गुनी।
तिनकौं बंदि परम सुख पाय, पूछे मुनिवरसौं इमि राय
पूरवभव मेरी पटनारि, कहा सुव्रत किन्हूं विधि धारि।
जाकर रूपवती इह भई, अधिक सम्पदा शुभकरि लई
योगी पूरव सब विरतन्त, मुनि निन्दादिक सबं कहन्त।
अस सुगन्धदशमी व्रत सार, सो इन कीन्हों सुखदातार।
ताकौ फल इह जानो सही, एसे मुनि श्रुतिसागर कही
तबही आवो एक पुमांन१, जिन श्रुत गुरुवन्दे तजि मान
मुनिकूं नमस्कार करि सार, फेरि तहां नृप देवि निहार
तिलकमती कै पांवै परयो, अरु ऐसे सुवचन उच्चरयो

दोहा—स्वामिनि कै परसाद तैं, मै पायो फल सार
व्रत सुगन्ध दशमी कीयो, पूरव विधाधार १३३
ता व्रत के परभावतैं, देव भयो मैं जाय।
तुम मेरी सार्धमिणी, जुग क्रम देखनि आय १३४
इमि कहि वस्त्राभरण तैं, पूज करो मन लाय
अरु सुर पुनि ऐसे कही, तुम मोरी वर माय १३५

चौपाई

श्रुतिकर सुर निज थानिक गयो, लोकां इह लखि निश्चय०यो
धन्य सुगंध दशमी व्रत सार, ताकौ फल है अनन्त अपार
तब सब ही जन यह व्रत धरयो, अपनो कम महावलहरयो
तिलकमती कंचनप्रभराय, मुनिकों नमि अपने घरि जाय
देती पात्रनिकों शुभ दान, करती जिनकी पूज अमान२।
पालै दर्शन शील सुभाय, अरु उपवास करै मन लाय १३८
पतिव्रत गुणकी पालन हारि, पुनि सुगन्ध दशमी व्रत धारि
अन्त समाधि थकी तजि प्रान, जाय लयो ईशान सुथान
सागर दोय जहां थिति लई, शुभतैं भयो सुरोत्तम सही
नारिलिंग निंद्य छेदियो, चय शिव पासी जिन वर्णयो

१ पुरुष २ मान रहित होकर

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जहां देव सेवा बहु करे, निरमल चमर तहां शिर ढरै।
और विभव अधिकौ जिहि जान, पूरवपून्य भयो तित आन
इह लखि गन्ध दशैं व्रत सार, की जैं हो! भवि शर्म विचार
जे भवि नरनारी व्रत करें, ते संसार-समुद्रसों तिरैं।
दोहा—श्रुतसागर ब्रह्मचारि को, ले पूरव अनुसार।
भाषा सार बनाय के, सुखित खुस्याल अपार १४३

॥ इति सुगन्ध दशमी व्रत कथा समाप्त ॥

जाप्य मन्त्र

व्रत करने वालों को व्रत के दिन जाप्य करना चाहिये। जाप्य-मन्त्र इस प्रकार है।

ॐ ह्रीं श्रीं ह्रां चतुर्विशतिजिनेभ्यो नमः।

नोट—इस व्रत के करने वाले श्रावक का कर्तव्य है कि इस दिन मन वचन कर्म की शुद्धि पूर्वक भक्ति भावना से शीतलनाथ भगवान का पूजन करें।

卐 श्री रवि व्रत पूजा 卐

स्थापना अडिल्ल छन्द

यह भविजन हितकार, सु रविव्रत जिन कही। करहु भव्य जन सर्व, सु मन दे के सही॥ पूजों पार्श्व जिनेन्द्र, त्रियोग लगाय के। मिटे सकल सन्ताप, मिले निधि आयके॥ मतिसागर इक सेठ, सुग्रन्थन में कहो। उनही ने यह पूजा, कर आनन्द लहो॥ तातें रविव्रत सार, सो भविजन कीजिये। सुख सम्पत्ति सन्तान, अतुल निधि लीजिये॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दोहा

प्रणमों पार्श्वजिनेश को, हाथ जोड़ शिर नाय ।
परभव सुख के कारने, पूजा करों बनाय ॥
रवीवार व्रत के दिना, ये ही पूजा ठान ।
या फल सम्पत्ति को लहे, निश्चय लीजे मान ॥

ओं ह्रीं पार्श्वनाथजिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर
अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः । अत्र मम सन्निहितो
भव भव वषट् परिपुष्पांजलि क्षिपेत्

उज्ज्वल जल भरके मैं लायो, रतन कटोरन मांही ।
धार देत अति हर्ष बढ़ावत, जन्म जरा मिट जाहीं ॥
पारसनाथ जिनेश्वर पूजों, रविव्रत के दिन मांई ।
सुख संपति बहु होय तुरत ही, आनन्द मंगल दाई ॥

ओं ह्रीं श्री पार्श्वजिनेन्द्राय जलम् ।

मलयागिरि केशर अतिसुन्दर, कुमकुम रङ्ग बनाई ।
धार देत जिनवरनन आगे, भव आताप नसाई ॥ पारस०

ओं ह्रीं श्री पार्श्वनाथजिनेन्द्राय चन्दनम् ।

मोतीसम अति उज्ज्वल तन्दुल, लाके नीर पखारो ।
अक्षयपदके हेतु भावसों, श्रीजिनवर ढिग धारो ॥ पारस०

ओं ह्रीं श्री पार्श्वनाथजिनेन्द्राय अक्षतान्

बेला अरु मजकुन्द चमेली, पारिजात के ल्याओ ।
चुन-चुनश्रीजिनअग्र चढ़ाऊँ मनवांछितफलपावो ॥ पारस०

ओं ह्रीं पार्श्वनाथजिनेन्द्राय पुष्पम्

बावर फैनी गोजा आदिक, घृत में लेत पकाई ।
कंचन थार मनोहर भरके, चरनन देत चढ़ाई ॥ पारस०

ओं ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नैवेद्यम् ।

मणिमय दीप रतनमय लेकर, जगमग जोति जलाई ।
जिनके आगे आरति करके, मोहितिमिर नशजाई ॥ पारस०

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ओं ह्रीं श्रीपार्श्वजिनेन्द्राय दीपम् ।

हिंसानृतस्तेयाब्रह्मपरिग्रहेभ्यो विरतिर्व्रतम् ।१। देशसर्वतोऽणुमहती ।२। तत्स्थैर्यार्थं भावनाः पञ्च पञ्च ।३। वाङ्मनोगुप्तीर्यादाननिक्षेपणसमित्यालोकितपानभोजनानि पञ्च ।४। क्रोधलोभभीरुत्वहास्यप्रत्याख्यानान्यनुवीचिभाषण च पञ्च ।५। शून्यागारविमोचितावासपरोपरोधाकरणभैक्ष्यशुद्धिसद्धर्म्माऽविसंवादाः पञ्च ।५। स्त्रीरागकथाश्रवणतन्मनोहराङ्गनिरीक्षणपूर्वरतानुस्मरणवृष्येष्टरसस्वशरीरसंस्कारत्यागाः पंच ।७। मनोज्ञामनोज्ञेन्द्रियविषयरागद्वेषवर्ज्जनानि पञ्च ।८। हिंसादिष्विहामुत्रापायावद्यदर्शनम् ।९। दुःखमेव वा ।१०। मैत्रीप्रमोदकारुण्यमाध्यस्थ्यानि च सत्वगुणाधिकक्लिश्यमानाविनयेषु ।११। जगत्कायस्वभावौ संवेगवैराग्यार्थम् ।१२। प्रमत्तयोगात्प्राणव्यपरोपणं हिंसा ।१३। असदभिधानमनृतम् ।१४। अदत्तादानं स्तेयम् ।१५। मैथुनमब्रह्म ।१६। मूर्च्छा परिग्रहः ।१७। निःशल्यो व्रती ।१८। अगार्यनगारश्च ।१९। अणुव्रतोऽगारी ।२०। दिग्देशानर्थदण्डविरतिसामायिकप्रोषधोपवासोपभोगपरिभोगपरिमाणातिथिसंविभागव्रतसम्पन्नश्च ।२१। मारणान्तिकीं सल्लेखनां जो-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

षिता ।२२। शंकाकांक्षाविचिकित्साऽन्यदृष्टिप्रशसासंस्तवाः सम्यग्दृष्टेरतीचाराः ।२३। व्रतशीलेषु पंच पंच यथाक्रमम् ।२४। बन्धवधच्छेदातिभारारोपणान्नपाननिरोधाः ।२५। मिथ्योपदेशरहोभ्याख्यानकूटलेखक्रियान्यासापहारसाकारमन्त्रभेदाः ।२६। स्तेनप्रयोगतदाहृतादानविरुद्धराज्यातिक्रमहीनाधिकमानोन्मान प्रतिरूपकव्यवहाराः ।२७। परविवाहकरणेत्वरिकापरिगृहीताऽपरिगृहीतागमनानङ्गक्रीडाकामतीव्रभिनिवेशाः ।२८। क्षेत्रवास्तुहिरण्यसुवर्णधनधान्यदासीदासकुप्यप्रमाणातिक्रमाः ।२९। ऊर्ध्वाधस्तिर्यग्व्यतिक्रमक्षेत्रवृद्धिस्मृत्यन्तराधानानि ।३०। आनयनप्रेष्यप्रयोगशब्दरूपानुपातपुद्गलक्षेपाः ।३१। कन्दर्पकौत्कुच्यमौखर्यासमीक्ष्याधिकरणोपभोगपरिभोगानर्थक्यानि ।३२। योगदुष्प्रणिधानानादरस्मृत्यनुपस्थानानि ।३३। अप्रत्यवेक्षिता प्रमार्जितोत्सर्गादानसंस्तरोपक्रमणानादरस्मृत्यनुपस्थानानि ।३४। सचित्तसम्बन्धसम्मिश्राभिषवदुष्पक्वाहाराः ।३५। सचित्तनिक्षेपापिधानपरव्यपदेशमात्सर्यकालातिक्रमाः ।३६। जीवितमरणाशंसामित्रानुरागसुखानुबन्धनिदानानि ।३७। अनुग्रहार्थंस्वस्यातिसर्गो दानम् ।३८। विधिद्रव्यदातृपात्रविशेषात्तद्विशेषः ।३९।

इति तत्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रे सप्तमोऽध्याय ।७।

मिथ्यादर्शनाविरतिप्रमादकषाययोगा बन्धहेतवः ।१। सकषायत्वाज्जीवः कर्मणो योग्यान्पुद्गलानादत्ते स बंधः ।२। प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशास्तद्विधयः ।३। आद्यो ज्ञानदर्शनावरणवेदनीयमोहनीयायुर्नामगोत्रान्तरायाः ।४। पंचनवद्वयष्टाविंशतिचतुर्द्विचत्वारिंशद्द्विपंचभेदा यथाक्रमम् ।५। मतिश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलानाम् ।६। चक्षुरचक्षुरवधिकेवलानांनिद्रानिद्रानिद्राप्रचलाप्रचलाप्रचलास्त्यानगृद्धयश्च ।७।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सदसद्वेद्ये ।८। दर्शनचारित्रमोहनीयाकषायकषायवेदनीयाख्यास्त्रिद्विनवषोडशभेदाः सम्यक्त्वमिथ्यात्वतदुभयान्यकषायकषायौ हास्यरत्यरतिशोकभयजुगुप्सास्त्रीपुन्नपुंसकवेदा अनन्तानुबन्ध्यप्रत्याख्यानप्रत्याख्यानसञ्ज्वलनविकल्पाश्चैकशः क्रोधमानमायालोभाः ।९। नारकतैर्यग्योनमानुषदैवानि ।१०। गतिजातिशरीराङ्गोपाङ्गनिर्माणबन्धनसङ्घातसंस्थानसंहनन स्पर्शरसगन्धवर्णानुपूर्व्यागुरुलघूपघातातपोद्योतोच्छ्वासविहायोगतयः प्रत्येकशरीरत्रससुभगसुस्वरशुभसूक्ष्मपर्याप्तिस्थिरादेययशःकीर्तिसेतराणि तीर्थकरत्वं च ।११। उच्चैर्नीचैश्च ।१२। दानलाभभोगोपभोगवीर्याणाम् ।१३। आदितस्तिसृणामन्तरायस्य च त्रिंशत्सागरोपमकोटिकोटयः परा स्थितिः ।१४। सप्ततिर्मोहनीयस्य ।१५। विंशतिर्नामगोत्रयोः ।१६। त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाण्यायुषः ।१७। अपरा द्वादशमुहूर्ता वेदनीयस्य ।१८। नामगोत्रयोरष्टौ ।१९। शेषाणामन्तर्मुहूर्ताः ।२०। विपाकोऽनुभवः ।२१। स यथनाम ।२२। ततश्च निर्जरा ।२३। नामप्रत्ययाः सर्वतो योगविशेषात्सूक्ष्मैकक्षेत्रावगाहस्थिताः सर्वात्मप्रदेशेष्वनन्तानन्तप्रदेशाः ।२४। सद्वेद्यशुभायुर्नामगोत्राणि पुण्यम् ।२५। अतोऽन्यत्पापम् ।२६।

इति तत्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रे अष्टमोऽध्यायः ।८।

आस्रवनिरोधः संवरः ।१। स गुप्तिसमितिधर्मानुप्रेक्षापरीषहजयचारित्रैः ।२। तपसा निर्ज्जरा च ।३। सम्यग्योगनिग्रहो गुप्तिः ।४। ईर्याभाषैषणादाननिक्षेपोत्सर्गाः समितयः ।५। उत्तमक्षमामार्दवार्जवसत्यशौचसंयमतपस्त्यागाऽकिञ्चन्यब्रह्मचर्याणि धर्मः ।६। अनित्याशरणसंसारैकत्वान्यत्वाशुच्यास्रवसंवरनिर्ज्जरालोकबोधिदुर्लभधर्मस्वाख्यात-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

त्वानुचिंतनमनुप्रेक्षाः ।७। मार्गाच्यवननिर्जरार्थं परिषोढव्याः परीषहाः ।८। क्षुत्पिपासाशीतोष्णदंशमशकनाग्न्यारतिस्त्रीचर्य्यानिषद्याशय्याक्रोशवधयाञ्चालाभरोगतृणस्पर्शमलसत्कारपुरस्कारप्रज्ञाऽज्ञानादर्शनानि ॥९॥ सूक्ष्मसाम्पराछदमस्थवीतरागयोश्चतुर्दश ॥१०॥ एकादश जिने ॥११॥ बादरसाम्पराये सर्वे ॥ १२ ॥ ज्ञानावरणे प्रज्ञाज्ञाने ॥ १३ ॥ दर्शनमोहान्तराययोरदर्शनालाभौ ॥ १४ ॥ चारित्रमोहे नागन्यारतिस्त्रीनिषद्याक्रोशयांचासत्कारापुरस्काराः ॥ १५ ॥ वेदनीये शेषाः ॥ १६ ॥ एकादयो भाज्या युगपदेकस्मिन्नेकोनविंशतेः ॥ १७ ॥ सामायिकच्छेदोपस्थानापरिहारविशुद्धसूक्ष्मसाम्परायथाख्यातमिति चारित्रम् ॥ १८ ॥ अनशनावमौदर्यवृत्तिपरिसंख्यानरसपरित्यागविविक्तशय्यासनकायक्लेशा बाह्यंतपः।१९। प्रायश्चितविनयवैयावृत्यस्वाध्यायव्युत्सर्गध्यानान्युत्तरम् ॥ २० ॥ नवचतुर्दशपंचद्विभेदा यथाक्रमं प्राग्ध्यानात् ॥ २१ ॥ आलोचनाप्रतिक्रमणतदुभयविवेकव्युत्सर्गतपश्छेदपरिहारोपस्थापनाः ॥२२॥ ज्ञानदर्शनचारित्रोपचाराः ॥ २३ ॥ आचार्योपाध्यायतपस्विशैक्ष्यग्लानगणकुलसंघसाधुमनोज्ञानाम् ॥ २४ ॥ वाचनापृच्छनानुप्रेक्षाम्नायधर्मोपदेशाः ॥२५॥ बाह्याभ्यन्तरोपध्यो ॥ २६ ॥ उत्तमसंहननस्यैकाग्रचिन्तानिरोधो ध्यानमान्तर्मुहूर्तात् ॥ २७ ॥ आर्तरौद्रधर्म्यशुक्लानि ॥२८॥ परे मोक्षहेतू ॥२९॥ आर्तममनोज्ञस्यसम्प्रयोगे तद्विप्रयोगाय स्मृतिसमन्वाहार ॥ ३० ॥ विपरीतं मनोज्ञस्य ॥ ३१ ॥ वेदनायाश्च ॥ ३२ ॥ निदानं च ॥ ३३ ॥ तदविरतदेशविरतप्रमत्तसंयतानाम् ॥३४॥ हिंसानृतस्तेयविषयसंरक्षणेभ्यो रौद्रमविरतदेशविरतयोः ॥३५॥ आज्ञापायविपाकसंस्थानविचयाय धर्म्यं ॥३६॥ शुक्ले चाद्ये पूर्वविदः ॥३७॥ परे केवलिनः ॥३८॥ पृथक्त्वैकत्ववितर्कसूक्ष्मक्रियाप्रतिपातिव्युपरतक्रियावितीर्नि ।३९।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

त्र्येकयोगकाययोगायोगानाम् ॥४०॥ एकाश्रये सवितर्कवीचारे पूर्वे ॥ ४१ ॥ अवीचारं द्वितीयम् ॥ ४२ ॥ वितर्कः श्रुतम् ॥४३॥ वीचारोऽर्थव्यंजनयोगसंक्रान्तिः ॥४४॥ सम्यग्दृष्टिश्रावकविरतानन्तवियोजकदर्शनमोहक्षपकोपशमकोप-शान्तमोहक्षपकक्षीणमोहजिनाः क्रमशोऽसंख्येयगुणनिर्जराः ॥४५॥ पुलाकवकुशकुशीलनिर्ग्रन्थस्नातका निर्ग्रन्था ॥४६॥ संयम-श्रुतप्रतिसेवनातीर्थलिंगलेश्योपपादस्थानविकल्पतः साध्याः ॥४७॥

इति तत्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रे नवमोऽध्यायः ॥९॥

मोहक्षयाज्ज्ञानदर्शनावरणान्तरायक्षयाच्च केवलम् ॥ १ ॥ बन्धहेत्वभावनिर्जराभ्यां कृत्स्नकर्मविप्रमोक्षो मोक्ष ॥ २ ॥ औपशमिका दिभव्यत्वानां च ॥ ३ ॥ अन्यत्र केवलसम्यक्त्व-ज्ञानदर्शनसिद्धत्वेभ्यः ॥ ४ ॥ तदनन्तरमूर्ध्वं गच्छत्यालोकान्तात् ॥५॥ पूर्वप्रयोगादसङ्गत्वाद्बन्धच्छेदात्तथागतिपरिणामाच्च ॥६॥ अविद्धकुलालचक्रवद्व्यपगतलेपालाम्बुवदेरण्डबीजवदग्निशिखा-वच्च ॥ ७ ॥ धर्मास्तिकायाऽभावात् ॥ ८ ॥ क्षेत्रकालगतिलिङ्ग-तीर्थचारित्रप्रत्येकबुद्धबोधितज्ञानावगाहनान्तरसंख्याल्पबहुत्वतः साध्याः ॥९॥

इति तत्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रे दशमोऽध्यायः ॥१०॥

मोक्षमार्गस्य नेतारं, भेत्तारं कर्मभूभृताम् ।
ज्ञातारं विश्वतत्वानां वंदे तद्गुणलब्धये ॥

कोटिशतंद्वादश चैव कोटचो लक्ष्याण्यशीतिस्त्र्यधियानि चैव ।
पंचाशदष्टौ च सहस्रसंख्यमेतद् श्रुतं पंचपदं नमामि ॥ १ ॥
अरहंतभासियत्थं, गणहरदेवेहिं गंथियं सव्वं ।
पणमामि भत्तिजुत्तो, सुदणाणमहोवयं सिरसा ।२।
अक्षरमात्रपदस्वरहीनं, व्यजनसंधिविवर्जितरेफम् ।
साधुभिरत्र मम क्षमितव्यं, को न विमुह्यति शास्त्रसमुद्रे ॥३॥
दशाध्याये परिच्छिन्ने तत्वार्थे पठिते सति ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

फलं स्यादुपवासस्य, भाषितं मुनिपुंगवैः ॥४॥
तत्वार्थसूत्रकर्त्तारं गृद्ध्रपिच्छोपलक्षितम् ।
वंदे गणीन्द्रसंजातमुमास्वामिमुनीश्वरम् ॥ ६ ॥
जंसक्कइ तं कीरइ, जं चण सक्कइ तहेय सद्दहणं ।
सद्दहमाणो जीवो, पावई अजरामरं ठाणं ॥६॥
तवयरणं वयधरण, संजमशरणं च जीवदयाकरणम् ।
अन्ते समाहिमरण, चउगइदुक्ख णिवारेई ॥ ७ ॥

इति तत्वार्थसूत्रापरनाम तत्वार्थाधिगम मोक्षशास्त्रं समाप्तम् ।

भूधर कृत स्तुति

अहो जगतगुरु एक, सुनिये अरज हमारी । तुम प्रभु ! दीनदयाल, मैं दुखिया संसारी ॥ इस भववन के मांहि, काल अनादि गमायौ भ्रमत चहूं गतिमाँहि, सुख नहिं दुख बहु पायो ॥ कर्म महारिपु जोर, एक न कान करेंजी । मनमानों दुख देंहि, काहूसों न डरें जी ॥ कबहुं इतर निगोद, कबहुं नरक दिखावें । सुर नर पशु गतिमांहि, बहुविधि नाच नचावें ॥ प्रभु ! इनके परसंग, भव भव-मांहि बुरेजी । जो दुख देखे देव ! तुम सौं नाहिं दुरेजी । एक जनमकी बात, कहि न सकौं सुनि स्वामी । तुम अनन्त परजाय, जानत अन्तरजामी । मैं तो एक अनाथ, ये मिलि दुष्ट घनेरे । कियो बहुत बेहाल सुनियौं साहिब मेरे ॥ ज्ञान महानिध लूटि रंक निबल करिडारचो । इनहीं तुम मुझमांहि, हे जिन ! अन्तर पारचो ॥ पाप पुण्य की दोय, पांयनि बेड़ी डारीं । तनकारागृह-मांहिं, मोहि दियो दुख भारी ॥ इनको नेक बिगार, मैं कछु नांहि कियौ जी । विन कारन जगवंद्य, बहुविधि बैर लियौ जी ॥ अर आयौ तुम पास, सुन जिन सुजस तिहारौ । अब आयौ तुम पास, सुन जिन सुजस तिहारौ । नीति-निपुन महाराज, कीजै न्याव हमारौ ॥ दुष्टनि देहु निकास साधुनिको रखि लीजै । बिनवै 'भूधरदास' हे प्रभु ढील न कीजै ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्री शीतल नाथ पूजा

(कविवर पं० मनरङ्गलाल कृत)

स्थापना गीता छन्द

है नगर भद्दिल भूप द्रढ़रथ, सुष्टु नन्दा ता त्रिया,
ताजि अचुत दिवि१ अभिराम२ शीतलनाथ सुत ताके प्रिया।
इक्ष्वाकु वंशी अंक श्रीतरु, हेमवरण शरीर है,
धनु नवे उन्नत पूर्व लख इक, आयु सुभग४ परी रहे।
सोरठा--सो शीतल सुखकन्द, तजि परिग्रह शिवलोक गे,
छूट गयो जगवंद, करियत तो५ आह्वान अब।
ओं ह्रीं श्रीशीतलनाथ जिनेन्द्र अत्रावतरावतर संवौषट् इत्याह्वननम्
अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः (इति स्थापनम) अत्र मम सन्निहितो
भव भव वषट् (इति सन्हिधीकरणं)

अष्टक, गीताछन्द

नित६ तृषा७ पीड़ा करत अधिकी, दाब अबके पाइयो,
शुभ कुम्भ कंचन जड़ित गंगा, नीर भरि ले आइयो।
तुम नाथ शीतल करो शीतल, मोहि भवकी तापसों,
मैं जजो युगपद८ जोरि करि९ मो, काज सरसी आपसों।
ओं ह्रीं श्रीतलनाथ जिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युरोगविनाशनाय जलम्

जाकी महक सों नीम आदिक, होत चन्दन जानिये,
सो सूक्ष्म घसि के मिला केशर, भरि कटोरा आनिये। तुम०
ओं ह्रीं श्रीशीतलनाथजिनेन्द्राय भवातापविनाशनाय चन्दनम्

मैं जीव संसारी भयो अरु, मरयो ताको पार ना,
प्रभु पास अक्षत ल्याय धारे, अखय पदके कारना। तुम०
ओं ह्रीं श्रीतलनाथजिनेन्द्राय अक्षतपदप्राप्तये अक्षतम् नि०

१ स्वर्ग, २ सुन्दर, ३ चिन्ह, ४ सुन्दर, ५ इसलिए, ६ हमेशा, ७ प्यास
८ दोनों चरण, ९ हाथ जोड़कर।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इन मदन मोरी सकति थोरी, रह्यो सब जग छाय के:
ता नाश कारन सुमन ल्यायो, महाशुद्ध चुनाय के। तुम०
ओं ह्रीं श्रीशीतलनाथजिनेन्द्राय कामबाणविनाशनाय पुष्पम्।
क्षुधा रोग मेरे पिंड लागो, देत मांगे ना घरी,
ताके नसावन काज स्वामी, ले चरू आगे धरी। तुम०।
ओं ह्रीं श्रीशीतलनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनायनैवेद्यम्।
अज्ञान तिमिर महान अन्धा-कार करि राखो सबै,
निज पर सुभेद पिछान कारण, दीप ल्यायो हूं अबै। तुम०
ओं ह्रीं श्रीशीतलनाथजिनेन्द्राय मोहान्धकार विनाशनाय दीपम्।
जे अष्टकर्म महान अतिबल, घेरि मो चेरा कियो,
तिन केर नाश विचारि के ले, धूप प्रभु ढिग क्षेपियो। तुम०
ओं ह्रीं श्रीशीतलनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपम्।
शुभमोक्ष मिलन अभिलाष मेरे, रहत कब को नाथजू,
फलमिष्ट नानाभांति सुथरे, ल्याइयो निजहाथ जू। तुम०
ओं ह्रीं श्रीशीतलनाथजिनेन्द्राय फलं पदप्राप्तये अर्घ्यम्।
ओं ह्रीं श्रीशीतलनाथ जिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलम्।
जल गन्ध अक्षत फूल चरु, दीपक सुधूप कही महा
फल ल्याय सुन्दर अरघ कीन्हों, दोष सों वर्जित कहा। तुम०

पंचकल्याणक, गाथा छन्द

चैत वदी दिन आठें, गर्भावतार लेत भये स्वामी।
सुर नर असुरन जानी जजहूं शीतल प्रभु नामी॥
ओं ह्रीं चैत्रकृष्णाष्टम्यां गर्भकल्याणकप्राप्ताय अर्घ्यम्।
माघवदी द्वादशि को, जन्मे भगवान् सकलसुखकारी।
मतिश्रुत अवधि विराजे, पूजों जिनचरण हितकारी॥
ओं ह्रीं माघकृष्णद्वादश्यां जन्मकल्याणकप्राप्ताय अर्घ्यम्।
द्वादशि माघ वदी में, परिग्रह तजि वन बसे जाई।
पूजत तहां सुरासुर, हम पूजत यहां गुण गाई॥
ओं ह्रीं माघकृष्णद्वादश्यां तपःकल्याणकप्राप्ताय अर्घ्यम्।
चौदशि पौषवदी में, जगगुरु केवलपाय भये ज्ञानी।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सो मूरति मनमानी, मैं पूजों जिनचरण सुखखानी ।।
ओं ह्रीं पौषकृष्णचतुर्दश्यां ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय अर्घ्यंम् ।
अश्विनसुवि अष्टमिदिन, मुक्तिपधारेसमेदगिरिसेती ।
पूजा करत तिहारी, नशत उपाधि जगत की जेती ।।
ओं ह्रीं आश्विनशुक्लाष्टम्यां मोक्षकल्याणकप्राप्ताय अर्घ्यंम् ।

अ थ ज य मा ला

जयशीतल जिनवर, परमधरमधर, छवि के मन्दिर शिवभरता ।
जय पुत्र सुनन्दा, के गुणवृन्दा, सुखके कन्दा, दुख हरता ।
जय नासादृष्टी, हो परमेष्टी, तुम पदनेष्ठी, अलख भये ।
जय तपो चरनमा, रहतचरनमा, सुआ चरणमा, कलुष गये ।।

सृग्विणी छन्द

जय सुनन्दा के नन्दा तिहारी कथा, भाषि को पार पावे कहावे यथा। नाथ तेरे कभी होत भवरोग ना, इष्ट वियोग अनिष्ट संयोग ना ।। अग्नि के कुण्ड में बल्लाभाराम की, नाम तेरे बची सो सती काम की । नाथ तेरे कभी होत भवरोग ना, इष्ट वियोग अनिष्ट संयोग ना ।।

द्रोपदी चीर बाढ़ो तिहारी सही, देव जानी सबों में सुलज्जा रही ।।नाथ०।। कुष्ट राखो न श्रीपाल को जो महा, अब्धि तें काढ़ लीनों सितावी तहां ।। नाथ० ।।

अंजन काटि फांसी गिरी जो हतो, औ सहाई तहां तो बिना को हता ।। नाथ०।। शैल फूटो गिरो अञ्जनीपूत के, चोट ताके लगी ना तिहारे तके ।।नाथ०।। कूदियो शीघ्र ही नाम तो गायके, कृष्ण काली नथे कुण्ड में जायके ।।नाथ०।।

पांडवा जे घिरे थे लखागार में, राह दीन्ही तिन्हें ते महा-प्यार में ।।नाथ०।। सेठ को शूलिका पै धरो देख के, कीन्ह सिंहासनं आपनो लेखके ।।नाथ०।। जो गिनाये इन्हें

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आदि देके सबै, पादपरसाद तें भे सुखारी सबै ।। नाथ० ।।
वार मेरी प्रभू देर कीन्हीं कहा,
कीजिये दृष्टिदाया की मोपे अहा ।। नाथ०।।
धन्य तू धन्य तू धन्य तू मैं नहा,
ओ पञ्चमो महाज्ञान नीके लहा ।।नाथ०।।
कोटि तीरत्थ है तेरे पदों के तले,
रोज ध्यावें मुनीं सो बतावें भले ।।नाथ०।।
जानि के यों भली भांति ध्याऊं तुझे,
भक्ति पाऊं यही देव दीजे मुझे ।।नाथ०।।

गाथा

आपद सब दीजे भार झोंकि, यह पढ़त सुनत जयमाल ।
होत पुनीत करण अरु जिह्वा, वरते नित आनंद जाल ।।
पहुंचे जहं कबहूं पहुंच नहीं, नाहिं पाई पावे हाल ।
नहीं भयो सो होय सबेरे, सु भाषत 'मनरङ्गलाल' ।।
ओं ह्रीं श्रीशीतलनाथजिनेन्द्राय महार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा ।

सोरठा

भो शीतल भगवान, तो पद-पक्षी जगत में ।
है जेते परवान, पक्ष रहे तिन पर बनी ।।
।। इत्याशीर्वादः ।।

श्री सम्मेद शिखर सिद्ध क्षेत्र पूजा अर्घ

ज्ञानधर कूट

कुन्थनाथ जिनराज का, कूट ज्ञान धर जेह ।
मन वच तन पूजहूं, शिखर सम्मेद यजेह ।।
ओं ह्रीं श्री कुन्थनाथ जिनेन्द्रादि मुनि ९६ कोड़ा कोड़ी ९६ करोड़

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

३२ लाख ९६ हजार ७४२ मुनि इस कूट से सिद्ध भये तिनके चरणारविन्द को मेरा मन, वचन, कायसे बारम्बार नमस्कार हो, जलादि अर्घं निर्वपामिति स्वाहा।१।

२४ तीर्थंकरों के गणधरों की कूट

चौबीसों जिनराज के, गण नायक हैं जेह।
मन वच तन कर पूजहूं, शिखर सम्मेद यजेह।।

ओं ह्रीं श्री गोतम स्वामि आदि गणधर देव ग्राम के उद्यान आदि भिन्न २ स्थानों से निर्वाण पधारे हैं तिनके चरणारविंद को मेरा मन वचन कायसे बारम्बार नमस्कार हो, जलादि अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।२।

मित्रधर कूट

नमिनाथ जिनराज का, कूट मित्र धर जेह।
मन वच तन कर पूजहूं, शिखर सम्मेद यजेह।।

ओं ह्रीं श्री नमिनाथ जिनेन्द्रादि मुनि ९ सौ कोड़ा कोड़ी १ अरब ४५ लाख ७ हजार ९४२ मुनि इस कूटसे सिद्ध भये तिनके चरणारविन्द को मेरा मन वचन कायसे बारम्बार नमस्कार हो जलादि अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।३।

नाटक कूट

अरहनाथ जिनराज का, नाटक कूट है जेह।
मन वच तन कर पूजहूं, शिखर सम्मेद यजेह।।

ओं ह्रीं श्री अहरनाथ जिनेन्द्रादि मुनि ९९ करोड़ ९९ लाख ९९ हजार ९९९ मुनि (यानि १ कम १ अरब मुनि) इस कूट से सिद्ध भये तिनके चरणारविन्द को मेरा मन वचन कायसे बारम्बार नमस्कार हो, जलादि अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।४।

सवल कूट

मल्लिनाथ जिनराज का, संवल कूट है जेह।
मन वच तन कर पूजहूं, शिखर सम्मेद यजेह।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ओंम ह्रीं श्री मल्लिनाथ जिनेन्द्रादि मुनि ९६ करोड़ मुनि इस कूट से सिद्ध भए तिनके चरणारविन्द को मेरा मन वचन कायसे बारम्बार नमस्कार हो, जलादि अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।५।

संकुल कूट

श्रेयांसनाथ जिनराज का, संकुल कूट है जेह।
मन वच तन कर पूजहूं, शिखर सम्मेद यजेह ।।

ओं ह्रीं श्री श्रेयांसनाथ जिनेन्द्रादि मूनि ९६ कोड़ा कोड़ी ९६ करोड़ ९६ लाख ९ हजार ५४२ मुनि इस कूट से सिद्ध भये तिनके चरणारविन्द को मेरा मन वचन कायसे बारम्बार नमस्कार हो, जलादि अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।६।

सुप्रेभ कूट

पुष्पदन्त जिनराज का, सुप्रभ कूट है जेह।
मन वच तन कर पूचहूं, शिखर सम्मेद यजेह ।।

ओं ह्रीं श्री पुष्पदन्त जिनेन्द्रादि मुनि १ कोड़ा कोड़ी ९९ लाख ७ हजार ४८० मुनि इस कूट से सिद्ध भये तिनके चरणारविन्द को मेरा मन वचन कायसे बारम्बार नमस्कार हो जलाधि अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।७।

मोहन कूट

पदमप्रभु जिनराज का, मोहन कूट है जेह।
मन वच तनकर पूजहूं, शिखर सम्मेद यजेह ।।

ओं ह्री श्री पद्मप्रभु जिनेन्द्रादि मुनि ९९ करोड़ ८७ लाख ४३ हजार ७२७ मुनि इस कूट से सिद्ध भए तिनके चरणारविन्द को मेरा मन वचन कायसे बारम्बार नमस्कार हो जलादि अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।८।

निरजर कूट

मुनिसुव्रत जिनराज का, निरजर कूट है जेह।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मन वच तन कर पूजहूं, शिखर सम्मेद यजेह ॥

ओं ह्रीं मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्रादि मुनि ९९ कोड़ा कोड़ी९९करोड़ ९ लाख ९९९ मुनि इस कूट से सिद्ध भये तिनके चरणारबिन्द को मेरा मन वचन काय से बारम्बार नमस्कार हो जलादि अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

ललित कूट

चन्द्रप्रभु जिनराज का, ललित कूट है जेह।
मन वच तन कर पूजहूं, शिखर सम्मेद यजेह ॥

ओं ह्रीं श्री चन्द्रप्रभु जिमेन्द्रादि मुनि ९८४ अरब ७२ करोड़ ८० लाख ८४ हजार ५९५ मुनि इस कूट ने सिद्ध भये तिनके चरणारविंद को मेरा मन वच कायसे बारम्बार नमस्कार हो, जलादि अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।१०।

आदिनाथ भगवान की टोंक

ऋषभदेव जिन सिद्ध भए, गिरि कैलाश से जोय।
मन वच तन कर पूजहूं, शिखर सम्मेद यजेह ॥

ओं ह्रीं श्री ऋषभनाथ जिनेन्द्रादि मुनि १० हजार मुनि कैलाश पर्वत से मोक्ष गये तिनके चरणारविंद को मेरा मन वचन कायसे बारम्बार नमस्कार हो, जलादि अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।११।

विद्युत वर कूट

शीतलनाथ जिनराज का, कूट विद्युत वर जेह।
मन वच तन कर पूजहूं, शिखर सम्मेद यजेह ॥

ओं ह्रीं श्री शीलतनाथ जिनेन्द्रादि मुवि १८ कोड़ी कोड़ी ४२ करोड़ ४२ लाख २ हजार ९०५ मुनिइसकूट से सिद्धभयेतिनकेचरणारविंद को मेरा मन वचन कायसे बारम्बार नमस्कार हो जलादि अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।१२।

स्वयंप्रभु कूट

अनन्तनाथ जिनराज का, कूट स्वयंभू वर जेह।
मन वच तन कर पूजहूं, शिखर सम्मेद यजेह ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ओं ह्रीं श्री अनन्तनाथ जिनेन्द्रादि मुनि ९६ कोड़ा कोड़ी ७० करोड़ ७० लाख ७० हजार ७०० मुनि इस कूट से सिद्ध भये तिनके चरणारविंद को मेरा मन वचन कायसे बारम्बार नमस्कार हो, जलाधि अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।१३।

धवल कूट

सम्भवनाथ जिनराज का, धवल कूट धर जेह ।
मन वच तन कर पूजहूं, शिखर सम्मेद यजेह ।।

ओं ह्रीं श्री सम्भवनाथ जिनेन्द्रादि मुनि नौ कोड़ा कोड़ी बहत्तर लाख बयालिस हजार पाँच सौ मुनि इस टोंक से सिद्ध भये तिनके चरणारविंद को मेरा मन वचन कायसे बारम्बार नमस्कार हो, जलादि अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।१४।

वासुपूज्य भगवान की टोंक नं० १५

वासुपूज्य जिन सिद्ध भये, चम्पापुर से जेह ।
मन वच तन कर पूजहूं, शिखर सम्मेद यजेह ।।

ओं ह्रीं श्री वासुपूज्य जिनेन्द्रादि चम्पापुर मंदारगिरी से एक हजार मुनि सिद्ध भये तिनके चरणारविंद को मेरा मन वचन कायसे बारम्बार नमस्कार हो, जलादि अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।१५।

आनंद कूट

अभिनन्दन जिनराज का, आनंदकूट है जेह ।
मन वच तन कर पूजहूं, शिखर सम्मेद यजेह ।।

ओं ह्रीं श्री अभिनंदननाथ जिनेन्द्रादि मुनि बहत्तर कोड़ा कोड़ी सत्तर करोड़ सत्तर लाख बयालिस हजार सात सौ मुनि इस कूट से मोक्ष भपे तिनके चरणारविंद को मेरा मन वचन कायसे बारम्बार नमस्कार हो जलादि अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।१६।

सुदत्तवर कूट

धर्मनाथ जिनराज का, कूट सूदत्त वर जेह ।
मन वच तन कर पूजहूं, शिखर सम्मेद यजेह ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ओं ह्रीं श्री धर्मनाथ जिनेन्द्रादि मुनि २९ कोड़ा कोड़ी उन्नीस करोड़ नौ लाख नौ हजार ७९५ मुनि इस कूट से सिद्ध भये तिनके चरणारविन्द को मेरा मन वचन कायसे बारम्बार नमस्कार हो जलादि अर्घ निर्वपमाति स्वाहा ।१७।

अविचल कूट

सुमतिनाथ जिनराज का, अविचल कूट है जेह ।
मन वच तन कर पूजहूं, शिखर सम्मेद यजेह ।।

ओं ह्रीं श्री सुमतिनाथ जिनेन्द्रादि मुनि एक कोड़ा कोड़ी ८४ करोड़ ७२ लाख ८१ हजार ७८१ मुनि इस कूट से सिद्ध भये तिनके चरणारविन्द को मेरा मन वचन कायसे बारम्बार नमस्कार हो जलाधि अर्घ निर्वपामीत स्वाहा ।१८।

कुन्द प्रभु कूट (शान्तिनाथ कूट)

शान्तिनाथ जिनराज का, कुन्त कूट है जेह ।
मन वच तन कर पूजहूं, शिखर सम्मेद यजेह ।।

ओं ह्रीं श्री शान्तिनाथ जिनेन्द्रादि मुनि ९ कोड़ा कोड़ी ९ लाख ९ हजार ९९९ मुनि मुनि इस कूट से सिद्ध भए तिनके चरणारविन्द को मेरा मन वचन कायसे बारम्बार नमस्कार हो, जलादि अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।१९।

महावीर भगवान की टोंक नं० २०

महावीर जिन सिद्ध भये, पावापुर से जोय ।
मन वच तन कर पूजहूं, शिखर नमूं पद होय ।।

ओं ह्रीं श्री महावीर स्वामी पावापुर के पद्म सरोवर स्थान से २६ मुनि मोक्ष पधारे तिनके चरणारविंद को मेरा मन वचन कायसे बारम्बार नमस्कार हो, जलादि अर्घ निर्वपामीति स्वाहा ।२०।

प्रभास कूट

सुपार्श्वनाथ जिननाथ का प्रभास कूट है जेह ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मन वच तन कर पूजहूं, शिखर सम्मेद यजेह ।।

ओं ह्रीं सुपार्श्वनाथ जिनेन्द्रादि मुनि ४९ कोड़ा कोड़ी ८४ करोड़ ७२ लाख ७ हजार ७४२ मुनि इस कूट से मोक्ष पधारे तिनके चरणारविंद को मेरा मन वचन कायसे बारम्बार नमस्कार हो, जलाधि अर्घ निर्वपामीति स्वाहा ।२१।

सुवीर कूट (संकुल कूट)

विमलनाथ जिनराज का, कूट सुवीर है जेह ।
मन वच तन कर पूजहूं, शिखर सम्मेद यजेह ।।

ओं ह्रीं श्री विमलनाथ जिनेन्द्रादि मुनि ७० कोड़ा कोड़ी ६० लाख ६ हजार ७४२ मुनि इस कूट से शिवपुर पधारे तिनके चरणारविन्द को मेरा मन वचन काय से विनयपूर्वक बारम्बार नमस्कार हो जलादि अर्घ निर्वपामीति स्वाहा ।२२।

सिद्धवर कूट

अजितनाथ जिनराज का, सिद्धवर कूट है जेह ।
मन वच तन कर पूजहूं, शिखर सम्मेद यजेह ।।

ओं ह्रीं श्री अजितनाथ जिनेन्द्रादि मुनि १ अरब ८० करोड़ ५४ लाख मुनि इस कूट से निर्वाण पधारे तिनके चरणारविंद को मेरा मन वचन कायसे बारम्बार नमस्कार हो जलाधि अर्घ निर्वपामीति स्वाहा ।२३।

नेमिनाथ भगवान की टोंक नं० २५

नेमिनाथ जिन सिद्ध भये, सिद्ध क्षेत्र गिरिनार ।
मन वच तन कर पूजहूं, भवदधि पार उतार ।।

ओं ह्रीं श्री नेमिनाथ जिनेन्द्रादि शम्बू प्रद्युम्न अनिरुद्ध इत्यादि ७२ करोड़ ७ सौ मुनि गिरिनार पर्वतसे मोक्ष भये, तिनके चरणारविंद को मेरा मन वचन कायसे बारम्बर नमस्कार हो, जलादि अर्घ निर्वपामीति स्वाहा ।२४।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्वर्ण भद्र कूट
पार्श्वनाथ जिनराज का, स्वर्ण भद्र है कूट।
मन वच तन कर पूजहूं, जाऊं करम से छूट॥

ओं ह्रीं श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्रादि मुनि ८२ करोड़ ८४ लाख ४५ हजार ७४२ मुनि इस परमपुनीत कूट से मोक्ष पधारे हैं तिनके चरणारविन्द को मेरा मन वचन कायसे विनय पूर्वक बारम्बार नमस्कार हो, जलादि अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।२५।

दुःखहरण विनती

श्रीपति जिनवर करुणायतनं दुखहरन तुम्हारा बाना है।
मत मेरी बार अवार करो, मोहिं देहु विमल कल्याना है।टेक।

त्रैकालिक वस्तु प्रत्यक्ष लखो, तुमसौं कछु बात न छाना है।
मेरे उर आरत जो बरतैं, निहचैं सब सो तुम जाना है।
अवलोक विथा मत मौन गहो, नहिं मेरा कहीं ठिकाना है।
हो राजिवलोचन सोचविमोचन, मैं तुमसौं हित ठाना है।श्री।१।

सब ग्रंथनि में निरग्रंथनिने, निरधार यही गणधार कही।
जिननायक ही सब लायक हैं, सुखदायक नायक ज्ञानमही॥
यह बात हमारे कान परी, तब आन तुमारी सरन गही।
क्यों मेरी बार विलम्ब करो, जिननाथ कहो वह बात सही।श्री।२।

काहू को भोग मनोग करो, काहू को स्वर्गविमाना है।
काहूको नागनरेशपती, काहूको ऋद्धि निधाना है।
अब मोपर क्यों न कृपा करते, यह क्या अन्धेर जमाना है।
इनसाफ करो मत देर करो, सुखवृन्द भरो भगवाना है।श्री।३।

खल कर्म मुझे हैरान किया, तब तुमसों आन पुकारा है।
तुम ही समरत्थ न न्याव करो, तब बन्दे का क्या चारा है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

खल घालक पालक बालकका नृपनीति यही जग सारा है।
तुम नीति निपुन त्रैलोकपती, तुमहीं लगिदौर हमारा है।श्री।४।
जबसे तुमसे पहचान भई, तबसे तुमही को माना है।
तुमरे ही शासन का स्वामी, हमको शरना सरधाना है।
जिनको तुमरी शरनागत है, तिनसों जमराज डराना है।
यह सुजश तुम्हारे सांचेका, सब गावत वेद पुराना है।श्री।५।
जिनने तुमसे दिलदर्द कहा, तिसका तुमने दुख हाना है।
अघ छोटा मोटा नाशि तुरत, सुख दिया तिन्हें मनमाना है॥
पावकसों शीतल नीर किया, और चीर बढ़ा असमाना है।
भोजन था जिसके पास नहीं, सो किया कुबेर समाना है।श्री।६।
चिंतामन पारस कल्पतरू, सुखदायक ये परधाना है।
तब दासन के सब दास यही, हमरे मन में ठहराना है॥
तुम भक्तनको सुरईन्द्रपदी, फिर चक्रपतीपद पाना है।
क्या बात कहों विस्तार बड़ी, वे पावैं मुक्ति ठिकाना हैं।श्री।७।
गति चार चुरासी लाख विषैं, चिन्मूरत मेरा भटका है।
हो दीनबन्धु करुणानिधान, अबलौं न मिटा वह खटका है।
जब जोग मिला शिवसाधनका तब विघन कर्म ने अटका है।
तुम विघन हमारे दूर करो सुख देहु निराकुल घटका है।श्री।८।
गजग्राह ग्रसित उद्धार लिया, ज्यों अंजन तस्कर तारा है।
ज्यों सागर गोपदरूप किया, मैना का संकट टारा है।
ज्यों सूलीतें सिंहासन औ, बेडीको काट बिडारा है।
यों मेरा संकट दूर करो, प्रभु मोकूं आस तुम्हारा है।श्री।९।
ज्यों फाटक टेकत पांय खुला, औ सांप सुमन कर डारा है।
ज्यौं खड्ग कुसुमका माल किया बालक का जहर उतारा है।
ज्यों सेठ विपत्त चकचूरि पूर, गर लक्ष्मीसुख विस्तारा है।
त्यों मेरा संकट दूर करो प्रभु भोफ आस तुम्हारा है।श्री।१०।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

यद्यपि तुमको रागादि नहीं, यह सत्य सर्वथा जाना है।
चिनमूरति आप अनन्तगुनी, नित शुद्ध दशा शिवथाना है।।
तद्दपि भक्तन की भय भीति हरो, सुख देत तिन्हें जु सुहाना है।
यह शक्ति अचिंत तुम्हारी का, क्या पावै पार सयाना है।श्री।१२।

दुख खंडन श्रीसुखमंडन का, तुमरा प्रन परम प्रमाना है।
बरदान दया जस कीरतका, तिहुंलोकधुजा फहराना है।
कमलाधरजी! कमलाकरजी! करिये कमला अमलाना है।
अब मेरी विथा अवलोकि रमापति, रंच न बार लगाना हैं।श्री ११।

हो दीनानाथ अनाथहितू, जन दीन अनाथ पुकारी है।
उदयागत कर्मविपाक हलाहल, मोह विथा विस्तारी है।।
ज्यों आप और भवि जीवनकी, ततकाल विथा निरवारी है।
त्यों 'वृन्दावन' यह अर्ज कर प्रभु आज हमारी बारी है।श्री।१३।

दोहा

प्रभु तुम दीनानाथ हो, मैं अनादि दुख फन्द।
सुनि सेवक की वीनती, हरो जगत दुखद्वन्द।।

श्री पावापुरी स्तुति

(श्री पं. भागचन्दजी कृत)

वीरनाथ पद कमल में, मन करि भ्रमर समान।
पावापुर गुनमालिका, गाऊं हित पहिचान।।
जगमोह असुर दुख देत करुणा मन लाये।
तजि पुष्पोत्तर तलसे त्रिशला उर आये।।
सो वीरनाथ शिवधाम, पावापुर ध्याऊं।
शुचि कमल सरोवर नाम, निशदिन गुण गाऊं।।१।।
सिद्धारथ नृप कुलचन्द, कुन्डलपुर प्रगटे।
सुवरणछवि जगदानन्द, लखि मुनि भ्रम विघटे।।
सो वीरनाथ०।।२।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नृप कमलाकारक दाय, नांहि कुमार गही। वय तीस बरस अवगाह संयम प्रीति भई ॥ सो वीरनाथ ।३।

देखते ही चंदनबाल फंद हरे छिन में। रौद्रादिक जीव निहाल, कौन करे किन में ॥ सो वीरनाथ ।४।

इम द्वादश वर्ष बिताया, घाति कलंक हरे। केवल स्वरूप निजपाय, ज्ञानानन्द भरे ॥ सो वीरनाथ ।५।

द्वै तीस बरस उपदेश, शिवसुख सुगम कियो। सुनि श्रेणिक आदि नरेश, निज कल्याण कियो ॥ सो वीरनाथ ।६।

जसु वाणी अजहुं अभंग, निर्मल गंग बहे। तहां न्हवन करत बुध चंग समता परम लहे ॥ सो वीरनाथ ।७।

करि के पुनि जोग निरोध, अटल अचल थाये। सो अजहुं मुनि मन शुद्ध, ध्यावत हरषाये ॥ सो वीरनाथ ।८।

जसु तन लखि परम पवित्र, सुरसंस्कार नमै। धरि परिमल द्रव्य विचित्र, अनल कुमार दमै ॥ सो वीरनाथ ।९।

सो भस्म शीश हरि लाय, बोधि समाधि चहा। जिन लक्षण तत्र बनाय, स्वर्ग निवास लहा ॥ सो वीरनाथ ।१०।

छै सतपन संवत मास, विक्रम पूर्व भया। वदि कार्तिक मावस भास, तीर्थ प्रसिद्ध भया ॥ सो वीरनाथ ।११।

संवत सर शत उगनीस अधिक गुणतीस भला। वदि पौष अष्टमि दिन ईस, भाख्या शशांक कला ॥ सो वीरनाथ ।१२।

पार्श्वनाथ स्तोत्र

नरेन्द्रं फणीन्द्रं सुरेन्द्रं अधीसं। शतेन्द्रं सु पूजें भ जैनाय शीसं ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मुनीन्द्रं गणेन्द्र नमैं जोड़ हाथं । नमोदेव देव सदा पार्श्व नाथं ॥१॥ गजेन्द्रं मृगेन्द्रं गह्यो तू छुडावे । महा आग ते नाग ते तू बचावे ॥ महावीर ते युद्ध में तू जितावे । महा रोग ते बन्ध ते तू छुड़ावे ॥२॥ दुखी दुःखहर्ता सुखी सुख कर्ता । सदा सेवकों को महानन्द भर्ता ॥ हरे यक्ष राक्षस्स भूतं पिशाचं । विष डाकनी विघ्न के भय अवाचं ॥३॥ दरिद्रीन को द्रव्य के दान दीने । अपुत्रीन को तु भले पुत्र कीने । महा संकटों से निकाले विधाता । सबै संपदा सर्व को देहि दाता ॥४॥ महा चोर को वज्र भय निवारे । महा पौन के पुंज ते तू उबारे ॥ महा क्रोध की अग्नि को मेघ धारा । महा लोभ शैलेश को वज्र भारा ५ महा मोह अन्धेर को ज्ञान भानुं । महा कर्म कान्तार को दौ प्रधानं ॥ किये नाग नागिन अधोलोक स्वामी । हरो मान तू दैत्य का हो अकामी ॥६॥ तुही कल्पवृक्ष तुही कामधेनुं । तुही दिव्य चिन्तामणी नाग एनं ॥ पशु नर्क के दुःख से तू छुड़ावे । महा स्वर्ग में मुक्ति में तू बसावे ॥७॥ करे लोह को हेम पाषाण नामी । रटे नाम से क्यों न हो मोक्षगामी ॥ करे सेव ताकी करे देव सेवा । सुने बैन सो ही लहै ज्ञान मेवा ॥८॥ जपे जाप ताको नहीं पाप लागे । धरे ध्यान ताके सबै दोष भागे ॥ बिना तोहि जाने धरे भव घनेरे । तुम्हारी कृपा तै सरैं काज मेरे ॥९॥ गणधर इन्द्र न कर सके, तुम विनती भगवान । 'द्यानत' प्रीति निहार के, कीजे आप समान ॥१०॥

वैराग्य भावना

दोहा

बीज राख फल भोगवै, ज्यों किसान जगमाँहि ।
त्यों चक्री नृप सुख करै, धर्म विसारै नाहि ॥

नरेन्द्र छन्द ।

इहविध राज्य करै नरनायक, भोगै, पुण्य विशाली ।
सुख सागर में रमत निरंतर, जात न जान्यो काले ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

एक दिवस शुभ कर्म संजोगे क्षेमंकर मुनि वन्दे ।
देख सिरीगुरु के पदपंकज लोचन अलि आनंदे ॥२॥
तीन प्रदक्षिणा दे शिर नायो, कर पूजा थुति कीनी ।
साधु समीप विनय कर बैठ्यो चरनन में दिठि दीनी ॥
गुरु उपदेशो धर्मशिरोमणि सुन राजा वैरागे ।
राज रमा वनितादिक जे रस, ते रस बेरस लागे ॥३॥
मुनि सूरज कथनी किरणावलि, लगत भरम बुधिभागी ।
भवतन भोगस्वरूप विचारयो, परम धरम अनुरागी ॥
इह संसार महावन भीतर भ्रमते छोर न आवै ।
जन्म मरण जरा यों दाहे जीव महादुख पावै ॥४॥
कबहुं जाय नरक थिति भुंजे छेदन भेदन भारी ।
कबहुं पशु पर्याजाय धरै तह बंध बधन भयकारी ॥
सुरगति में परसंपति देखे राग उदय दुख होई ।
मानुषयोनि अनेक विपतिमय, सर्व सुखी नहिं कोई ॥५॥
कोई इष्ट वियोगी बिलखै, कोई अनिष्ट संयोगी ।
कोई दीन दरिद्री दीखे, कोई तनके रोगी ॥
किसही घर कलिहारी नारी कै बैरी सम भाई ।
किसहीके दुख बाहर दीखे, किस ही उर दुचिताई ॥६॥
कोई पुत्र बिनानित झूरे, होई मरै तब रोवै ।
खोटी संततिसों दुख उपजै, क्यों प्रानी सुख सोवै ॥
पुन्य उदय जिनके तिनके भी नाहिं सुख साता ।
यह जगवास यथारथ देखे, सब दीखे दुख दाता ॥७॥
जो संसार विषै सुख होता, तीर्थंकर क्यों त्यागैं ।
काहे को शिवसाधन करते, संजमसों अनुरागैं ॥
देह अपावन अथिर घिनावन, यामें सार न कोई ।
सागर के जलसों शुचि कीजे, तो भी शुद्ध न होई ॥८॥
सात कुधातु भरी मलमूरत चाम लपेटी सो है ।
अन्तर देखते या सम जग में अवर अपावन को है ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नवमलद्वार स्रवै निशिवासर, नाम लिये घिन आवे।
व्याधि उपाधि अनेक जहाँ तहं, कौन सुधी सुख पावै ॥९॥
पोषत तो दुख दोष करै अति, सोषत सुख उपजावै।
दुर्जन देह स्वभाव बराबर, मूरत प्रीति बढ़ावै ॥
राचनजोग स्वरूप न याको विरचनजोग सही है।
यह तन पाय महातप कीजै यामें सार यही है ॥१०॥
भोग बुरे भवरोग बढ़ावे, बैरी हैं जग जीके।
बेरस होंय विपाक समय अति सेवत लागें नीके ॥
वज्र अग्नि विषसे विषधर से, ये अधिके दुखदाई।
धर्मरतनके चोर चपल अति, दुर्गतिपंथ सहाई ॥११॥
मोहउदय यह जीव अज्ञानी, भोग भले कर जानें।
ज्यों ज्यों भोग संजोग मनोहर, मनवांछित जन पावै।
तृष्णा नागिन त्यों त्यों डंकै, लहर जहर की आवै ॥१२॥
मैं चक्रीपद पाय निरंतर भोगे भोगे घनेरे।
तौ भी तनक भये नहिं पूरन, भोगे मनोरथ मेरे ॥
राजसमाज महा अघकारन वैर बढ़ावन हारा।
वेश्यासम लक्ष्मी अति चंचल, याका कौन पत्यारा ॥१३॥
मोह महारिपु बैर विचारयो जगजिय संकट डारे।
घर काराग्रह बनिता बेड़ी परिजन जन रखवारे ॥
सम्यकदर्शन ज्ञान चरन तप, ये जियके हितकारी।
येही सार असार और सब यह चक्री चितधारी ॥१४॥
छोड़े चौदह रत्न नवों निधि, अरु छोड़ संग साथीं।
कोडि अठारह घोड़े, छोड़े चौरासी लाख हाथी ॥
इत्यादिक संपत्ति बहुतेरी, जीरण तृणसम त्यागी।
नीति विचार नियोगी सुतकों, राज दियो बड़भागी ॥१५॥
होय निशल्य अनेक नृपति संग, भूषण बसन उतारे।
श्री गुरुचरनधरी जिनमुद्रा, पंच महाव्रत धारे ॥
धन्य यह समझ सुबुद्धि जगोत्तम, धन्य यह धीरजधारी।
ऐसी संपति छोड़ बसे बन, तिन पद धोक हमारी ॥१६॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दोहा

परिग्रहपोट उतार राज लीनो चारित्र पंथ।
निज स्वभाव में थिर भये, वज्रनाभि निरग्रन्थ ।।

बारह भावना

दोहा

बन्दूं श्री अर्हंत पद, वीतराग विज्ञान ।।
वरणूं बारह भावना जग जीवन हित जान ।।१।।

विश्नुपद छन्द

कहां गये चक्री जिन जीता, भरतखण्ड सारा। कहाँ गये वह रामरु लछमन, जिन रावन मारा। कहां कृष्ण रूकमिनि सतभामा, अरु संपति सगरी। यहां गये वह रंगमहल अरु, सुवरन की नगरी ।।२।। नहीं रहे वह लोभी कौरव, जूझ मरे रनमें। गये राज तज पाँडव बनको, अग्नि लगी तन में। मोह नींद से उठरे चेतन, तुझे जगावन को। हो दयाल उपदेश करें गुरु, बारह भावन को ।।३।।

१ अथिर भावना

सूरजचांद छिपें निकले ऋतु, फिर-फिर कर आवै। प्यारी आयू ऐसी बीते, पता नहीं पावै ।। पर्वत पतित नदी सरिता जल, बह कर नहीं हटता। स्वांस चलत यों घटे काठ ज्यों, आरेसों कटता ।।४।। ओस बूंद ज्यों गले धूपमें, वा अंजुलिपानी। छिन छिन यौवन छीन होत है, क्या समझे प्रानी ।। इंद्रजाल आकाश नगर सम, जग सम्पति सारी। अथिर रूप संसार विचारो, सब नर अरु नारी ।।५।।

२ अशरण भावना

काल सिंह ने मृग चेतन को, घेरा भव बनमें। नहीं बचावन हारा कोई, यों समझो मनमे ।। मन्त्र यंत्र से ना धन सम्पति, राज पाट छूटे। वश नहीं चलता काल लुटेरा काय नगर लूटे ।।६।। चक्र रतन हलधर सा भाई, काम नहीं आया। एक तीर के लगत कृष्ण

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

की, विनश गई काया ॥ देव धर्म गुरु शरण जगत में, और नहीं कोई । भ्रम से फिरे भटकता चेतन, यूंही उमर खोई ॥७॥

३ संसार भावना ।

जन्म मरण अरु जरा रोगसे, सदा दुखी रहता । द्रव्य क्षेत्र अरु काल भाव भव, परिवर्तन सहता ॥ छेदन भेदन नरक पशू गति बध बंधन सहना । राग उदय से दुख सुरगति में, कहां सुखी रहना ॥८॥ भोग पुन्य फल हो इक इंद्री क्या इसमें लाली । कुतवाली दिन चार वही फिर, खुरपा करु जाली ॥ मानुष जन्म अनेक विपतिमय, कहीं न सुख देखा । पंचमगति सुख मिले शुभा-शुभ का मेटो लेखा ॥९॥

४ एकत्व भावना ।

जन्म मरे अकेला चेतन, सुख दुख का भोगी । और किसी का क्या इक दिन यह देह जुदी होगी ॥ कमला चलत न पैंड जाय मरघट तक परिवारा । अपने सुखको रोवे पिता पुत्र दारा ॥१०॥ ज्यों मेले में पन्थी जन मिलि, नेह फिरै धरते । ज्यों तरवर पै रैन बसेरा, पंछी आ करते ॥ कोस कोई दो कोस उड़ फिर थक थक हारे । जाय अकेला हस संग में, कोई न पर मारे ॥११॥

५ अन्यत्व भावना ।

मोह रूप मृगतृष्णा जग में, मिथ्या जल चमकै । मृग चेतन नित भ्रम में उठ उठ; दौड़े थक थक कैं ॥ जल नहिं पावै प्राण गमावै; भटक-भटक मरता । वस्तु पराई माने अपनी; भेद नहीं करता ॥१२॥ तू चेतन अरु देह अचेतन; यह जड तू ज्ञानी । मिले अनादि यतनतैं बिछुड़े; ज्यों पय अरु पानी ॥ रूप तुम्हारा सबसों न्यारा; भेद ज्ञान करना । जोलों पौरुष थकै न तौलों; उद्यम सो चरना ॥१३॥

६ अशुचि भावना ।

तू नित पोखे यह सूखे; ज्यों धोवै त्यों मैली । निश दिन करे उपाय देह का; रोग दशा फैली ॥ मात-पिता रज बीरज मिलकर; बनी देह तेरी । माँस हाड नश लहू राधकी; प्रगट व्याधि घेरी ॥१४॥ काना पौंढ़ा पडा हाथ यह; चूसे तौ रोवे । फल अनन्त जु धर्म

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ध्यानकी; भूमि विषें बोवे। केसर चन्दन पुष्प सुगन्धित, वस्तु देख सारी। देह सपरसत हुये अपावन, निशदिन मलजारी ॥१५॥

७ आस्रव भावना।

ज्यों सरजल आवन मोरी त्यों; आस्रव कर्मनको। दर्वित जीव प्रदेश गहै जब; पुदगलभरमनको॥ भावित आस्रव भाव शुभाशुभ निशदिन चेतन के। पाप पुण्य के दोनों करता; कारण बन्धन के ॥१६॥ पन मिथ्यात योग पन्द्रह; द्वादश अविरत जानो। पंचरु बीस कषाय मिले सब; सत्तावन मानो॥ मोह भावकी ममता टारै; पर परणित खोते। करै मोखका यतन निरास्रव; ज्ञानी जन होते ॥१७॥

८ संवर भावना।

ज्यों मोरीमें डाट लगावै; तब जल रुक जाता। त्यों आस्रव को रोके संवर; क्यों नहिं मन लाता॥ पंच महाव्रत समिति गुप्तिकर; बचत काय मनको। दशविध धर्म परिषह बाइस; बारह भावन को ॥१८॥ यह सब भाव सतावन मिलकर; आस्रवको खोते। सुपन दशासे जागो चेतन; कहां पड़े सोते॥ भाव शुभाशुभ रहित शुद्ध भावनसंवर पावे। डाट लगत यह नाव पड़ी मझधार पार जावै ॥१९॥

९ निर्जरा भावना।

ज्यों सरवर जल रुका सूखता; तपन पड़े भारी। संवर रोके कर्म निर्जरा है सोखन हारा॥ उदयभोग सविपाक समय पक जाय आम डाली। दूजी है अविपाक पकावै, पाल विषै माली ॥२०॥ पहली सबके होय नहीं कुछ; सर काम तेरा। दूजी करै जु उद्यम करके मिटै जगत फेरा॥ संवर सहित करो तप प्रानी; मिलै मुकति रानी। इस दुल्हन की यही सहेली; जानै सब ज्ञानी ॥२१॥

१० लोक भावना।

लोक अलोक अकाश मांहि थिर; निराधार जानो। पुरुष रूप कर कटी भय षट द्रव्यनसों मानों॥ इसका कोई न करता हरता; अमिट अनादि हं। जीवरु पुद्गल नाचे यामै; कर्म उपाधि है ।२२।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पाप पुन्य सों जीव जगत में; नित सुख-दुख भरता। अपनी करनी आप भरे सिर; औरन के धरता॥ मोह कर्म को नाश मेट; सब जग की आसा। निज पदमें थिर होय लोकके; शीश करो बासा॥२३॥

११ बोधिदुर्लभ भावना।

दुर्लभ है निगोद से थावर; अरु त्रस गति पानी॥ नरकाया को सुरपति तरसै; सो दुर्लभ प्रानी॥ उत्तम देश सुसंगति दुर्लभ; श्रावक कुल पाना। दुर्लभ सम्यक दुर्लभ संयम, पंचम गुण ठाना।२४। दुर्लभ रत्नत्रय आराधन; दीक्षा का धरना। दुर्लभ मुनिवर को व्रत पालन; शुद्ध भाव करना॥ दुर्लभ से दुर्लभ है चेतन, बोध ज्ञान पावै। पाकर केवल ज्ञान नहीं फिर; इस भाव में आवे।२५।

१२ धर्म भावना।

षट दरशन अरु बौद्धरु नास्तिक; ने जग को लूटा। मूसा ईसा और मुहम्मद; का मजहब झूंठा॥ हो सुछंद सब पाप करैं सिर; करता लावें। कोई छिनक कोई करतासे; जग में भटकावें॥२६॥ वीत राग सर्वज्ञ दोष विन; श्रीजिन की वानी। सप्त तत्व का वर्णन जामें; सब को सुखदानी॥ इनका चिन्तवन बार बार करू; श्रद्धा उर धरना। 'मंगत' इसी यतन से इक दिन; भवसागर तरना॥२७॥

समाधिमरण

गौतम स्वामी बन्दों नामी मरण समाधि भला है।
मैं कब पाऊं निसदिन ध्याऊं गाऊं वचन कला है।
देव धरम गुरु प्रीति महादृढ़ सात व्यसन नहिं जाने।
त्यागि बाइस अभक्ष संयमी बाहर व्रत नित ठाने॥१॥
चक्की उखरी चूलि बुहारी पानी त्रस न विराधे।
बनिज करे पर द्रव्य हरे नहि छहो करम इमि साधै॥
पूजा शास्त्र गुरुनकी सेवा संयम तप चहुं दानी।
पर उपकारी अल्प अहारी सामायक विधि ज्ञानी॥२॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जाप जपे तिहूं योग धरे दृग तनकी ममता टारैं ।
अन्त समय वैराग्य सम्हारे ध्यान समाधि बिचारैं ।।
आग लगे अरु नाव डूबे जब धर्म विघन जब आवे ।
चार प्रकार अहार त्यागि के मन्त्र सुमनमें ध्यावे ।।३।।
रोग असाध्य जहांबहू देखे कारण और निहारे ।
बात बड़ी है जो बनि आवे भार भवन को डारे ।।
जो न बने तो घरमें रह करि सबसों होय निराला ।
मात पिता सुत त्रियको सौंपे निज परिग्रह इहि काला ।।४।।
केछ चैत्यालय कछु श्रावक जन कछु दुखिया धन देई ।
क्षमा क्षमा सब हीसों कहिके मनकी शल्य हरेई ।।
शत्रुन सों मिलि निज कर जोरे मैं बहु करी है बुराई ।
तुमसे प्रीतम को दुख दीने ते सब बकसो भाई ।।५।।
धन धरती जो मुखसो मांगे सो सब दे संतोष ।
छहों कायके प्राणी ऊपर करुणा भाव विशेष ।।
ऊंच नीच घर बैठ जगह इक कछु भोजन कछु पैले ।
दूधा धारी क्रम क्रम तजिके छाछ अहार पहेले ।।६।।
छाछ त्यागिके पानी राखे पानी तजि संथारा ।
भूमिमांहि फिर आसन माड़े साधर्मी ढिग प्यारा ।।
जब तुम जानो यह न जपे है तब जिनवाणी पढ़िये ।
यों कहि मौन लियो संन्यासी पंच परमपद गहिये ।।७।।
चौ आराधन मनमें ध्यावे बारह भावन भावे ।
दशलक्षण मन धर्म विचारे रत्नत्रय मन लावे ।।
पैंतिस सोलह षट पन चौ दुई इक बरन विचारे ।
काया तेरी दुख की ढेरी ज्ञानमई तू सारे ।।८।।
अजर अमर निज गुण सो पूरे परमानंदसुभावैं ।
आनन्दकन्द चिदानन्द साहब तीन जगतपति ध्यावैं ।।
क्षुधा तृषादिक होई परीषह सहै भाव सम राखैं ।
अतीचार पांचौ सब त्यागे ज्ञान सुधारस चाखैं ।।९।।
हाड मांस सब सूखि जाय जब धर्म लीन तन त्यागे ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अद्भुत पुण्य उपाय सुरग में सेज उठे ज्यों जागे।
तहतैं आवै शिवपद पावे विलसे सुख अनन्तो।
'द्यानत' यह गति होय हमारी जैनधरम जयवन्तो ॥१०

पद-संग्रह

पद नं १

चाहे तारो या न तारो चरणों में आ पड़ा हूं ॥टेक॥
तेरे दरशको आया मनमें तुही समाया,
अति दीन हो खड़ा हूं ॥१॥
सब जगतमें फिरके आया, शरना कहीं न पाया,
तेरी शरन गिरा हूं ॥२॥
निज दास जान लीजे, शिवमग बताय दीजे
वन वन भटक फिरा हूं ॥३॥

❋ भजन ❋

तुम से लागी लगन, ले लो अपनी शरण।
पारस प्यारा, मेटोमेटो जी संकट हमारा ॥टेक॥
निश दिन तुझको जपूं, पर से नेहा तजूं।
जीवन सारा, तेरे चरणों में बीते हमारा ॥१॥
अश्वसेन के राजदुलारे, बीमादेवी के सुत प्राण प्यारे।
सबसे नेहा तोड़ा, जग से मुंह को मोड़ा संयम धारा ॥२॥
इन्द्र और धरणेन्द्र भी आये, देवी पद्मावती मंगल गाये
आशा पूरो सदा, दुख नहीं पावे-कदा सेवक थारा ॥३॥
जग के दुख की परवा नहीं है, स्वर्ग सुख को भी चाह नहीं है।
मेटो जामन-मरण होवे ऐसा यतन पारस प्यारा ॥४॥
लाखों बार मैं शीश नवाऊं, जग के नाथ तुम्हें कैसे पाऊं।
'पंकज' व्याकुल भया, दर्शनबिनये जिया, लागे खारा ॥५॥

जिनवाणी स्तुति

अकेला ही हूं मैं, करम सब आये सिमटिकें।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लिया है मैं तेरा, शरण अब माता सटकिके ।।
भ्रमावत है मोकों, करम दुख देता जनम का।
करों भक्ति तेरी, हरो दुख माता भ्रमनका ।।१।।
दुखी हुआ भारी, भ्रमत फिरता हूं जगतमें ।
सहा जाता नहीं. अकल घबरानी भ्रमन में ।।
करों क्या माँ मोरी; चलत वश नाहीं मिटनका ।
करों भक्ति तेरी; हरो दुख माता भ्रमन का ।।२।।
सुनो माता मोरी, अरज करताहूं दरदमें ।
दुखी जानों मोकों डरप कर आयो शरनमें ।।
कृपा ऐसी कीजे, दरद मिट जावै मरनका ।
करों भक्ति तेरी, हरो दुख माता भ्रमनका ।।३।।
पिलावै जो मोकों सुबुधिकर प्याला अमृतका ।
मिटावे जो मेरा, सरब दुख सारा फिरनका ।।
परों पावां तेरे हरो दुख सारा फिकरका ।
करों भक्ति तेरी, हरो दुख माता भ्रमनका ।।४।।

सवैया

मिथ्यातम नाशिवेको ज्ञानके प्रकाशवेको,
आपा-पर भासवेको भानुसी बखानी है ।
छहों द्रव्य जानवेको बंधविधि भानवे को ।
स्वपर पिछानवेको परम प्रमानी है ।।५।।
अनुभौ बतायवेको जीवके जतायवेको,
काहू न सतायवेको भव्य उर आनी है ।
जहां तहां तारवेको पारके उतारवेको,
सुख बिसतारवेको येही जिन-वानी है ।।६।।

दोहा

यह जिनवानीकी थुती, अल्पबुद्धि परमान ।
पन्नालाल विनती करें, देमाता मोहि ज्ञान ।।७।।
हे जिनवानी भारती, तोहि जपौं दिन रैन ।
जो तेरा शरना गहे, सो पवे सुख चैन ।।८।।
जा वानीके ज्ञानतें, सूझै लोकालोक ।
सो वानी मस्तक चढ़ो, सदादेत हों धोक ।।९।।

5206
Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi